●वर्ष : 16 ●अंक : 140 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 08 सितम्बर 2024

## संक्षिप्त समाचार

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने गोरखपुर में सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया

नूना न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को गोरखपुर में उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया। 49 एकड़ क्षेत्र में फैले इस स्कूल का निर्माण 176 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। धनखड़ के सुबह गोरखपुर पहुंचने पर योगी ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज गोरखपुर आगमन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ का स्वागत किया। युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा ध्येय से स्थापित इस स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को आवासीय सुविधा के तहत शिक्षा प्रदान की जाने की व्यवस्था की गई है। प्रवेश परीक्षा के जरिये कक्षा 6 और 9 में दाखिला लेने के बाद इस स्कूल में पहली जुलाई से पढ़ाई शुरू हो चुकी है। पहले चरण में इस स्कूल में कक्षा 6 और 9 में 84-84 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया है। इनमें 40 छात्राएं और 128 छात्र शामिल हैं। सैनिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग परिसर है। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का दर्शन कराता है।

## उमर अब्दुल्ला के बयान के बहाने बीजेपी का कांग्रेस पर वार



नूना न्यूज एजेंसी

**जम्मू-कश्मीर।** अफजल गुरु पर जेकेएनसी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला के बयान पर राजनीति तेज हो गई है। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने उमर अब्दुल्ला पर तगड़ा वार किया है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के मुख्य सहयोगी कांग्रेस पार्टी, उनके पुराने पारिवारिक मित्र और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का हालिया बयान निश्चित रूप से कुछ भी नहीं बल्कि उनके नापाक, घृणित, अलगाववादी राष्ट्र-विरोधी डिजाइन का स्पष्ट खुलासा है। भाजपा नेता ने कहा कि जब उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु का मामला फांसी के लायक नहीं है, तो मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि क्या आपके शासन में जांच एजेंसियां गलत तरीके से काम कर रही थीं। उन्होंने सवाल किया कि क्या यूपीए सरकार के दौरान भारत के सुप्रीम कोर्ट ने गलत फैसला दिया था? इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं देश के लोगों को याद दिलाना चाहता हूं कि संसद हमले पर फैसले में रउ ने इस शब्द का इस्तेमाल किया था कि यह दुर्लभतम अपराध है। तो क्या रउ गलत था या भारत के राष्ट्रपति। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह यह वही पार्टी है जिसने अपने घोषणापत्र में कहा था कि वे धारा 370 को बहाल करेंगे और उसी पार्टी के वरिष्ठ नेता फारूक अब्दुल्ला ने अक्टूबर 2020 में कहा था कि वे चीन की मदद से 370 को बहाल करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपना असली नापाक दिखा रही है। प्रॉक्सी के माध्यम से डिजाइन करें। वे अपना निजी बयान कहकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते क्योंकि राहुल गांधी वहां मौजूद थे और उन लोगों को नैतिक समर्थन दे रहे थे जो 'अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं' के नारे लगा रहे थे। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने यह तक कह दिया कि 'अब्दुल्ला परिवार आतंकियों को लेकर नरम रहता है।' मोहम्मद अफजल गुरु एक कश्मीरी अलगाववादी था जिसे 2001 के संसद हमले में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया था। उसकी संलिप्तता के लिए उसे मौत की सजा मिली, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा। भारत के राष्ट्रपति द्वारा दया याचिका की अस्वीकृति के बाद, उसे 2013 में फांसी दे दी गई। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'अफजल गुरु को कानून ने मौत की सजा दी थी. मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया और समीक्षा भी हुई लेकिन वह देश विरोधी और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल पाया गया. चुनाव में वह (उमर अब्दुल्ला) कह रहे हैं कि उन्हें (अफजल गुरु) फांसी देना एक गलत फैसला था, वह क्या चाहते हैं? मैं इसकी निंदा करता हूं, यह एक गैर जिम्मेदाराना और राष्ट्र विरोधी बयान है।" उन्होंने कहा कि अफजल गुरु की फांसी से जम्मू-कश्मीर सरकार का कोई लेना-देना नहीं था, अन्यथा आपको राज्य सरकार की अनुमति लेनी होती, जो मैं आपको बिना किसी अनिश्चित शर्तों के बता सकता हूं।

## केरल से वापस लाया गया हत्या का आरोपी, सीबीआई ने जारी किया था रेड नोटिस

नूना न्यूज एजेंसी



**केरल।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार, 7 सितंबर को घोषणा की कि केरल का एक व्यक्ति, खामिस ओथमान एएल हम्मादी ओथम, जिस पर 2005 में क्रूर हमले का आरोप था, संयुक्त अरब अमीरात से लौट आया है। संदिग्ध को ट्रैक करने और पकड़ने के लिए सीबीआई ने केरल पुलिस और इंटरपोल एनसीबी-अबू धाबी के साथ निकटता से समन्वय किया। एक आधिकारिक बयान में सीबीआई ने पुष्टि की कि ओथम, जिसके खिलाफ रेड नोटिस जारी किया गया था, को केरल पुलिस ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर पहुंचने पर गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि ओथम पर कोझिकोड में 'द क्रिमिनल' नाम के अखबार के मालिक शम्सुद्दीन पर हमला करने का आरोप है। सीबीआई के अनुसार, घटना 15 जुलाई 2005 को हुई, जब ओथम अपने दो साथियों के साथ मारुति ओमनी वैन चलाकर कसाबा में केपी चंद्रन रोड पर गया। वहां, उन्होंने जानबूझकर शमसुद्दीन को नीचे गिरा दिया, जो मोटरसाइकिल पर पीछे की सीट पर बैठा था। हमलावरों ने उसे मारने के इरादे से तलवार से उस पर हमला कर दिया, जिससे शमसुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया।

## ट्रांसपोर्ट नगर में गिरी इमारत, 20 लोगों को बचाया गया, 4 की गई जान

नूना न्यूज एजेंसी



**लखनऊ।** के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में शनिवार को एक 3 मंजिला इमारत ढह गई, जिसमें 4 व्यक्ति की मौत हो गई। करीब 20 लोगों के को बचाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, इमारत ढहने के वक्त इसके बेसमेंट में काम चल रहा था। घटना में करीब 10 लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय पुलिस अधिकारी, अग्निशमनकर्मी और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस घटना को लेकर लिखा कि लखनऊ में एक भवन के गिरने से हुई दुर्घटना का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैंने लखनऊ के ज़िलाधिकारी से फोन पर बातचीत करके घटनास्थल पर हालात की जानकारी प्राप्त की है। स्थानीय प्रशासन मौके पर राहत एवं बचाव कार्य कर रहा है और पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले का संज्ञान लिया और अधिकारियों को फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए तत्काल प्रयास करने का निर्देश दिया। घटना की जानकारी देते हुए एसडीएम सरोजिनी नगर ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने आगे बताया कि तीन मंजिला इमारत को 'हरमिलाप बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सम्मुख वित्तीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर ह्यरेवड़ी कल्चरह्न पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है। कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## बुडामेरु नदी के तटबंध की तीसरी दरार भरने का कार्य जल्द पूरा हो जाएगा: मुख्यमंत्री नायडू

नूना न्यूज एजेंसी



**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि बुडामेरु नामक छोटी नदी के तटबंध की तीसरी दरार को भरने का काम जारी है और उन्होंने विश्वास जताया कि यह काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। नायडू ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, बुडामेरु की तीसरी दरार को बंद करने का काम महत्वपूर्ण चरण में है और यह जल्द पूरा हो जाएगा... पानी विजयवाड़ा में प्रवेश नहीं करेगा... रविवार शाम तक, बाढ़ का पानी सड़कों से पूरी तरह से निकल जाएगा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मंत्रियों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ टेलीकांफ्रेंस कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की समीक्षा की और उन्हें लोगों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए विनायक चतुर्थी के दिन भी काम करने के निर्देश दिए। राहत कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए नायडू ने कहा कि विजयवाड़ा के छठे खंड पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है, जहां से आवश्यक सामग्री वितरण में कमी की शिकायतें आ रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ पीड़ितों के घरों में हुए नुकसान का आकलन शीघ्र करने तथा यथाशीघ्र सफाई कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए।

## असम में थानों को और अधिक जन-केंद्रित बनाने की जरूरत: हिमंत विश्व शर्मा

नूना न्यूज एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य में उग्रवाद से जुड़ी घटनाओं में कमी आने के साथ ही थानों को अधिक जन-केंद्रित स्थानों में तब्दील करना होगा। शर्मा ने सार्वजनिक सेवा की जिम्मेदारियों में पुलिसकर्मियों की सहायता के लिए नागरिक समितियों की भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, पिछले तीन दशक से असम उग्रवाद से जूझ रहा है। पुलिस का ध्यान उग्रवाद-रोधी उपायों पर केंद्रित था। मैं यह नहीं कहूंगा कि उग्रवाद पूरी तरह से खत्म हो गया है, लेकिन घटनाएं कम हो रही हैं। थानों को अधिक जन-केंद्रित स्थानों में बदलना होगा। मुख्यमंत्री राज्य के सभी 307 थानों की नागरिक समितियों के पहले राज्य-स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की लंबी और कठिन प्रकृति उन्हें उनके नियमित व्यवहार में कठोर बनाती है। उन्होंने कहा कि नागरिक समितियों की भूमिका कर्मियों को नागरिक कार्यों में संलग्न होने में मदद करने से तनाव भी कुछ कम हो सकता है। शर्मा ने कहा कि समाज के भीतर पैदा सकारात्मकता धीमे, लेकिन स्थायी सामाजिक परिवर्तन का कारक हो सकती है और समितियां पुलिस बल को सौंपी गई सार्वजनिक सेवा जिम्मेदारियों के निर्वहन में मदद कर सकती हैं। उन्होंने कहा, पुलिस व्यवस्था के दो पहलू हैं- आपराधिक न्याय का प्रशासन और सार्वजनिक सेवा। पहले पहलू को भारतीय न्याय संहिता द्वारा निपटा जा सकता है। आपराधिक न्याय, आपराधिक जांच, आरोप-पत्र दाखिल करना, पहले पहलू में शामिल हैं, समितियों का इस संबंध में कोई लेना-देना नहीं है। शर्मा ने कहा, उन्हें (समितियों को) थानों और जनता के बीच अच्छे संबंध बनाए रखने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि थाने मेले एवं त्योहार आयोजित करने की अनुमति देने, अपने अधिकार क्षेत्र के तहत निवासियों को विभिन्न प्रमाण-पत्र जारी करने जैसी कई जिम्मेदारियां निभाते हैं।

## सुनीता केजरीवाल ने मतदाताओं से हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े होने की अपील की

नूना न्यूज एजेंसी

**भिवानी (हरियाणा)।** अपने पति अरविंद केजरीवाल को हरियाणा का लाल बताते हुए सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को वोट देकर सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ खड़े होने का आग्रह किया। सुनीता केजरीवाल ने दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को फर्जी मामले में जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा, आपका बेटा शेर है और वह (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी के सामने झुकेगा नहीं। उन्होंने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं, आपकी बहू और आपकी बहन, पूछना चाहती हूं कि क्या हरियाणा इस अपमान को बर्दाश्त करेगा? क्या आप चुप रहेंगे और क्या आप अपने बेटे (दिल्ली के मुख्यमंत्री) का समर्थन नहीं करेंगे। सुनीता केजरीवाल ने हरियाणा में सत्तारूढ़ पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह केवल सत्ता में बने रहना चाहती है और समाज के कल्याण के लिए काम करने में उसकी कोई रुचि नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा केवल पार्टियों को तोड़ना और विपक्षी नेताओं को जेल में डालना जानती है। उन्होंने मतदाताओं से यह सुनिश्चित करने को कहा कि एक भी वोट भाजपा को न मिले। भाजपा पर निशाना साधते हुए आप नेता ने लोगों से पूछा कि क्या उन्होंने पिछले 10 वर्ष में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में कोई सुधार देखा है। उन्होंने पूछा, क्या सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार हुआ है? क्या आपके क्षेत्र में कोई ऐसा अस्पताल है जहां अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है, मुफ्त दवाइयां दी जाती हैं। उन्होंने कहा, क्या आपको मुफ्त और चौबीसों घंटे बिजली मिल रही है? ऐसा कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ये सुविधाएं दिल्ली और पंजाब में दी जा रही हैं, जहां आप सत्ता में है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ सत्ता में बने रहना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, यह केवल पार्टियों को तोड़ना और विपक्षी नेताओं को जेल में डालना जानता है। उन्हें (भाजपा को) समाज के कल्याण के लिए काम करने में कोई रुचि नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पति अरविंद केजरीवाल हरियाणा के लाल हैं और उनका जन्म सिवानी गांव में हुआ और उनका लालन-पालन हिसार में हुआ। उन्होंने कहा, कोई सपने में भी नहीं सोच सकता था कि हरियाणा का बेटा दिल्ली का मुख्यमंत्री बनेगा। उन्होंने कहा, यह कोई साधारण बात नहीं है और यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। उन्होंने कहा, अरविंद जी का जन्म 16 अगस्त 1968 को हुआ था। उस दिन कृष्ण जन्माष्टमी थी। मुझे लगता है कि भगवान अरविंद जी के माध्यम से कुछ विशेष करवाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने शून्य से शुरूआत की और अपनी पार्टी बनाई तथा पहले ही चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री बन गए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने ऐसे काम किए जो बड़ी पार्टियां और बड़े नेता भी कभी नहीं कर सके। सुनीता केजरीवाल ने कहा, इन सब के कारण, (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी ईर्ष्यालु हैं और आपके बेटे और आपके भाई (केजरीवाल) से डरे हुए हैं। वह (मोदी) ऐसा काम नहीं कर सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अच्छी शिक्षा और इलाज सुनिश्चित नहीं कर सकते। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आप के राष्ट्रीय संयोजक वर्तमान में आबकारी नीति से संबंधित मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। सुनीता केजरीवाल ने कहा, वे केजरीवाल को चोर कहते हैं। मैं कहती हूं कि अगर वह चोर हैं तो दुनिया में कोई भी ईमानदार नहीं है।

## तीन साल में सैनिक स्कूल बनाकर सीएम योगी ने किया चमत्कारिक कार्य: उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**›› भारतीयता हमारी पहचान, राष्ट्र हमारा धर्म**

सैनिक स्कूल समेत सभी स्कूलों के विद्यार्थियों और आमजन को प्रेरित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारतीयता हमारी पहचान और राष्ट्र हमारा धर्म है। हमें निजी स्वार्थ से ऊपर राष्ट्र धर्म को रखना होगा। राष्ट्रवाद से समझौता राष्ट्र के साथ धोखा होगा। राष्ट्र पर प्रश्न चिन्ह लगाने वालों को हमें बर्दाश्त नहीं करना है।



नूना न्यूज एजेंसी

**गोरखपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए यहां 2017 के बाद आए बदलाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में बनी भारत की अलग और सशक्त पहचान में उत्तर प्रदेश की गुणात्मक भागीदारी है। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को लेकर जारी अभियान में सबसे योगदान देने की अपील करते हुए कहा कि विकसित भारत के हवन में हरेक व्यक्ति को आहुति देनी चाहिए क्योंकि हम देश के लिए जितना भी कर सकें कम है।

उपराष्ट्रपति धनखड़ शनिवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी उपस्थित थीं। उपराष्ट्रपति ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आए परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में शिक्षा, चिकित्सा, उद्यमिता तथा अन्य क्षेत्रों में गुणात्मक वृद्धि हुई है। जबकि 2017 के पहले यह प्रदेश डर की चपेट में था। कानून व्यवस्था ठीक नहीं थी, आम आदमी परेशान रहता था। कई पहलुओं पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर को मात्र तीन वर्ष में पूरा करवाकर योगी जी ने शानदार और चमत्कारिक कार्य कर दिखाया है। वैसे तो योगी जी के चमत्कारिक कार्यों की गूंज हर जगह सुनाई देती है। तीन वर्ष में सैनिक स्कूल बनकर संचालित होना मुश्किल और अकल्पनीय था लेकिन सीएम योगी ऐसा कर देंगे, यह विश्वास भी था।

**›› सीएम योगी का करिश्मा भविष्य की पीढ़ी निर्माण का रास्ता**

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि पूर्वांचल उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण अंग है। इस क्षेत्र के पहले सैनिक स्कूल का ढांचा अद्भुत है। इस शानदार सैनिक स्कूल के रूप में सीएम योगी ने जो करिश्मा किया है वह भविष्य की पीढ़ी निर्माण का रास्ता है। वह आश्वस्त हैं कि यह सैनिक स्कूल योगी जी की विशिष्ट छाप का प्रतिबिंब रहेगा।

**›› आज दस साल पहले वाला भारत नहीं**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज का भारत दस साल पहले वाला भारत नहीं है। बल्कि सशक्त भारत है। पहले देश का सोना स्विट्जरलैंड के बैंक में गिरवी रखा जाता था आज ऐसी स्थिति नहीं है बल्कि देश के स्वर्णकोष पर्याप्त है। जिस कश्मीर में कोई दिखता नहीं था, वहां धारा 370 समाप्त होने के बाद दो-तीन वर्ष से दो करोड़ से अधिक पर्यटक आ रहे हैं। संविधान निमार्ताओं ने धारा 370 को अस्थायी बनाया था लेकिन कुछ लोग इसे परमानेंट मान बैठे थे।

**›› सीएम योगी का निमंत्रण पाकर बहुत भावुक हो गया**

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि जब देश के सबसे बड़े प्रांत के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरे आवास पर आकर सैनिक स्कूल गोरखपुर के लोकार्पण के लिए निमंत्रण पत्र दिया तो मैं बहुत भावुक हो गया। उन्होंने कहा कि वैसे तो योगी जी की हर बात असाधारण है पर सैनिक स्कूल के लिए योगी जी का निमंत्रण पत्र भी असाधारण ही था। उन्होंने मुझे सैनिक स्कूल के एक पुरातन छात्र के रूप में निमंत्रित किया। योगी जी की नजर पैनी और पारखी है। मुझे बुलाने के लिए मुझ पर जितना होमवर्क उन्होंने किया, उतना मेरे निकट संबंधियों ने भी नहीं किया होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सैनिक स्कूल के लोकार्पण समारोह में आकर वह काफी भावविभोर और प्रफुल्लित हैं। आज उनके सामने छहदशक पूर्व का दृश्य जीवंत हो रहा है जब वह खुद सैनिक स्कूल के छात्र थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरे लिए यह अविस्मरणीय काम कर दिया है।

**›› सफलता की शुरूआत का केंद्र है असफलता**

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने विद्यार्थियों की समझाते हुए कहा कि उन्हें असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए क्योंकि असफलता, सफलता की शुरूआत का केंद्र है। उन्होंने कहा कि डर का डर मन से निकाल दें। डरेंगे तो आपकी प्रतिभा कुंठित होगी। उन्होंने चंद्रयान 3 की अभूतपूर्व सफलता का आधार चंद्रयान 2 की आंशिक सफलता को बताया। शिक्षा की महत्ता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा बदलाव का माध्यम है। सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात शिक्षा के माध्यम से ही किया जा सकता है।

**›› पूर्व सीएम संपूणार्नंद का रिकॉर्ड तोड़ दिया सीएम योगी ने**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 1960 में देश के पहले सैनिक स्कूल की स्थापना उत्तर प्रदेश के लखनऊ में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. संपूणार्नंद जी ने थी। अब यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य सोसाइटी के माध्यम से सैनिक स्कूल खोलने की सराहनीय कार्य किया है। कम समय में सैनिक स्कूल बनाकर और सबसे अधिक दिन मुख्यमंत्री रहकर योगी जी ने पूर्व सीएम डॉ. संपूणार्नंद जी का रिकार्ड तोड़ दिया है।

CMYK

# गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया

## कमल मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्रों ने दी गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति



गीता ज्ञान संस्थानम में बाबा रामदेव व अन्य।

नई दिल्ली, सितम्बर : गीता ज्ञान संस्थानम कुरुक्षेत्र में दिव्य लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें गीता प्रेरणाओं की व्यवहारिक आदर्श की पहल हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कुरुक्षेत्र लोकसभा से स्थानीय सांसद नवीन जिंदल रहे। योग गुरु बाबा रामदेव की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर गीता के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को पुनः दोहराया गया। समारोह में दिल्ली के मोहन गार्डन स्थित कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन ने पूरे आयोजन की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि गीता पाठ से अनेक समस्याओं का समाधान सरलता से हो जाता है।

# अयोध्या में 8वां अशोक सिंहल वेद पुरस्कार समारोह संपन्न, सीएम योगी ने किया सम्मानित



वेद पुरस्कार समारोह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

नई दिल्ली, सितम्बर : अयोध्या में 8वें भारतात्मा अशोक सिंहल वेद पुरस्कार समारोह 2024 का भव्य आयोजन हुआ। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उदयपुर स्थित सिंहल फाउंडेशन द्वारा स्वर्गीय अशोकजी सिंहल की स्मृति में स्थापित किया गया है, जो वेदों के प्रचार और संरक्षण के प्रति समर्पित थे। वेदों के लिए यह देश का पहला राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है, जो उत्कृष्ट वेद विद्यार्थी, आदर्श वेद अध्यापक और उत्तम वेद विद्यालय को सम्मानित करता है। इस समारोह के मुख्यातिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। ब्रह्मर्षि विष्णु भट्टल सुब्रह्मण्य शास्त्री को भारतात्मा वेदार्पित जीवन सम्मान से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत शास्त्री ने कहा, वेद हमें हमारे जीवन के हर एक चरण में मार्गदर्शन करते हैं और हमें ज्ञान का प्रकाश प्रदान करते हैं। इसलिए, वेदों द्वारा प्रदान किए गए ज्ञान और बुद्धिमत्ता को प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। समारोह में भीलवाड़ा के नारायण लाल शर्मा को उत्कृष्ट वेद विद्यार्थी, आर. राजमौली को आदर्श वेद अध्यापक, और काशी स्थित आचार्य गोपालचंद्र मिश्र वैदिक उन्नयन संस्थान को उत्तम वेद विद्यालय के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हर श्रेणी के विजेता को प्रमाणपत्र के साथ नकद राशि प्रदान की गई।

# नफरती बयानों और बुलडोजर के जुल्म की घटनाओं

## पर कठोर कार्रवाई हो : जमाअत-ए-इस्लामी हिंद



**नई दिल्ली, 7 अगस्त :** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के दिल्ली स्थित केंद्रीय मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को जमाअत के उपाध्यक्ष प्रोफेसर सलीम इंजीनियर और राष्ट्रिय सचिव शफी मदनी ने संबोधित किया। घृणा अपराधों पर बोलते हुए प्रोफेसर सलीम ने कहा कि देश में घृणा अपराध काफी बढ़ गये हैं। कुछ शक्तियां जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाकर उन्हें भड़काती हैं ताकि देश में अशांति फैले। यह दुखद है कि असामाजिक तत्व बेखौफ होकर अपराध कर रहे हैं, ऐसा लगता है कि उन्हें पुलिस और राजनीतिक संरक्षकों का समर्थन और संरक्षण प्राप्त है। इसलिए इन्हें न तो कोर्ट से सजा का डर है और न ही गिरफ्तारी का। आरोपियों की संपत्ति को बुलडोजर से नष्ट करने की बात पर उन्होंने कहा कि यह एक गैरकानूनी कृत है जो देश में तेजी से फैल रही है। विध्वंस के निशाने का एक बड़ा प्रतिशत स्पष्ट रूप से धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को बनाया जाता है। राजशक्ति का उपयोग करने के इस अलोकतांत्रिक, निरंकुश और अन्यायपूर्ण तरीके को धूर्ततापूर्वक 'बुलडोजर न्याय' कहा जाता है।

# गौ रक्षकों द्वारा फरीदाबाद के एक युवा छात्र आर्यन मिश्रा की गोली मारकर हत्या करने को अचंभित एवं दिन दहला देने वाली घटना : मार्क्सवादी

नारायणगढ़, सितम्बर : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सतीश सेठी ने कहा कि यह बेहद चिंता की बात है कि राज्य में गौ रक्षा के नाम पर बेरोकटोक ढंग से हत्यारी मुहिम जारी है। जिस तरह से आर्यन मिश्रा की हत्या की गई हैए वह बेहद खौफनाक है। तथाकथित गौ रक्षकों द्वारा 30 किलोमीटर तक उसकी गाड़ी का पीछा करते हुए गोलियां चलाई जाती हैं जिसमें मासूम युवा आर्यन को अपनी जान गंवानी पड़ी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे में इन घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए आश्वस्त करने की बजाए भाजपा सरकार विधानसभा चुनावों के मद्देनजर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने के लिए ऐसे कुकृत्यों को खुला संरक्षण दे रही है। माकपा जनता से अपील करती है कि भाजपा.आरएसएस की साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिशों को नाकाम करें और आने वाले विधानसभा चुनावों में नफरत की राजनीति करने वालों को कड़ा सबक सिखाएं।

## गुरुग्राम की सड़क तालाब बनी



गुरुग्राम में शुक्रवार को बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रैसवे की सर्विस लेन में नरसिंहपुर के पास तैरने लायक पानी भर गया।



आम आदमी पार्टी के सीमापुरी से विधानसभा से विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।



देवेन्द्र यादव ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के तहत भाजपा और आम आदमी पार्टी को छोड़कर आए दिल्ली भर से 72 वकीलों को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराई। यादव ने सभी वकीलों को कांग्रेस का पटका पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया।

# सीएम नायब सिंह सैनी को भारी मतों से लाडवा से जितवाकर विधानसभा भेजने का काम करना है : जिन्दल

लाडवा, सितम्बर : लाडवा की शिवाला रामकुंडी में कुरूक्षेत्र लोकसभा के सांसद नवीन जिन्दल ने भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक पांच अक्टूबर को होने जा रहे हरियाणा के विधानसभा चुनावों को लेकर ली। सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि यह लाडवा हल्के के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि लाडवा हल्के से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी को भारी मतों से लाडवा से जितवाकर विधानसभा भेजने का काम करना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि दस सितंबर दिन मंगलवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायबसिंह सैनी लाडवा विधानसभा से एक हवन यज्ञ के बाद अपना नामांकन पत्र भरेंगे। मौके पर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, नपा प्रधान साक्षी खुराना, पवन गर्ग, मेघराज सैनी, अंकुश गोयल, अरुण सैनी, अनिल गुप्ता, प्रदीप सहगल, सतप्रकाश शर्मा, देवराज आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भारत का सबसे बड़ा बिल्डिंग मैटेरियल एक्सपो नई दिल्ली में आयोजित होगा

नई दिल्ली, सितम्बर : अत्यधिक प्रतीक्षित वाइब्रेंट बिल्डकॉन 2025, भारत का सबसे बड़ा और प्रभावशाली बिल्डिंग मैटेरियल एक्सपो, 13 से 16 अप्रैल 2025 तक यशोभूमि, नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस आयोजन के ब्रांड एंबेसडर बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी हैं, जो इसे भारतीय निर्माण सामग्री उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में प्रस्तुत करेंगे। यह एक्सपो भारत सरकार के अगले पांच वर्षों के विजन को समर्थन देगा, जिसमें स्थिरता, घरेलू विनिर्माण, किफायती आवास और डिजिटलीकरण पर जोर दिया गया है। इस कार्यक्रम में 50 हजार वर्ग मीटर के प्रदर्शनी क्षेत्र में 6 सौ से अधिक प्रदर्शक, 100 देशों के 2 हजार से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार और 1 लाख 50 हजार से अधिक घरेलू आगंतुकों के शामिल होने की उम्मीद है। मोरबी में, जहां सुनील शेट्टी की उपस्थिति में इस आयोजन की शुरूआत हुई, इसे उद्योग के विकास और देश की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# फरीदाबाद जेवर एक्सप्रैसवे के साथ एयरपोर्ट से कनैक्टिविटी घटकर मात्र 20 मिनट रह जाएगी

नई दिल्ली, सितम्बर : आगामी फरीदाबाद जेवर एक्सप्रेसवे, एक महत्वाकांक्षी अवसंरचनात्मक परियोजना है जो दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए तैयार है, इससे रियल एस्टेट बाजार में, विशेष रूप से ग्रोथ डिस्ट्रिक्ट फरीदाबाद टाउनशिप में पर्याप्त वृद्धि होने की उम्मीद है। जून 2025 तक पूरा होने वाला यह नया एक्सप्रेसवे बल्लभगढ़ और जेवर एयरपोर्ट के बीच यात्रा में क्रांति लाने का वादा करता है, जिससे यात्रा का समय मौजूदा दो घंटे से घटकर मात्र 20 मिनट रह जाएगा। एक्सप्रैसवे न केवल यात्रा को सुव्यवस्थित करेगा बल्कि आसपास के क्षेत्रों में तेजी से विकास के लिए उत्प्रेरक का काम भी करेगा। एक्सप्रेसवे मार्ग इस क्षेत्र के 12 गांवों से होकर गुजरेगा और नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जुड़ेगा। एक बार फरीदाबाद-जेवर एक्सप्रेसवे चालू हो जाने के बाद, इन गांवों और इसके माध्यम से गुजरने वाले क्षेत्रों में रियल एस्टेट मूल्य 30 से 40 फिसदी तक बढ़ सकते हैं!

चूंकि यह फरीदाबाद में सेक्टर 114 के करीब है, इसलिए इस एक्सप्रेसवे से स्थानीय रियल एस्टेट बाजार में जान आने की उम्मीद है, खासकर ग्रोथ डिस्ट्रिक्ट फरीदाबाद में। यह क्षेत्र, जो पहले से ही रेजिडेंशियल, कमर्शियल और ऑफिस स्पेस के एक गतिशील मिश्रण के लिए निर्धारित है, बढ़ी हुई पहुँच और बुनियादी ढाँचे के उन्नयन से बहुत लाभान्वित होने वाला है।

# शूटरों को हथियार उपलब्ध करवाने वाले ईनामी तीन बदमाश गिरफ्तार

### पूछताछ पर हथियार लेकर आने व शूटरों को देकर जाने के लिए प्रयोग की गई दो गाड़ियां बरामद

करनाल सितंबर : सी.आई.ए-01 टीम ने एक निजी हस्पताल के बाहर फायरिंग मामले में शूटरों को हथियार उपलब्ध करवाने वाले ईनामी तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर उप निरीक्षक जयपाल सिंह की अध्यक्षता में बजीदा रोड करनाल पर नई अनाज मंडी के पीछे से तीन आरोपियों गौरी शंकर उर्फ गौरी निवासी शिव कालोनी करनाल, प्रवीन कुमार निवासी टपराणा, और सन्नी उर्फ सन्नी राणा निवासी बिकट मौहल्ला सदर बाजार करनाल को काबू किया।

इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक शहर वीर सिंह ने इन्चार्ज सी.आई.ए-01 उप निरीक्षक अनिल कुमार व उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि उक्त मामले में फायरिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को सी.आई.ए-01 टीम द्वारा मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था, जिन्होंने पूछताछ पर उपरोक्त तीनों आरोपियों के संबंध में खुलासा किया था।

जिनकी गिरफ्तारी के लिए सी.आई.ए. की टीमें निरंतर प्रयास कर रही थी और अंततः कामयाबी उनके हाथ लगी व तीनों आरोपियों को काबू कर लिया गया। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपीयों द्वारा ही निजी हस्पताल के बाहर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश शूटरों को हथियार व 5000 रुपए नकद दिए गए थे। वीर सिंह ने बताया कि उक्त मामले में तीनों आरोपीयों की गिरफ्तारी पर पांच-पांच हजार रुपए ईनाम भी घोषित है। उन्होंने कहा कि 3 सितंबर को आरोपियों को अदालत के सामने पेशकर 03 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया व रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर उनके कब्जे से शूटरों के लिए हथियार लाने के लिए व उनको हथियार देकर जाने के लिए प्रयोग की गई दोनों कारें बरामद की गई।

उन्होंने कहा कि पूछताछ पर तीनों आरोपियों ने बताया कि उनके पास विदेशी नंबरों से फोन आये व उन्हें बताया गया कि करनाल से असंध रोड़ पर एक ट्रांसफार्मर के नीचे असला रखा है, जिसे उनको सिर्फ वहां से उठाकर शूटरों तक पहुंचाना है, इसके लिए उन्हें 50,000 रुपए मिलने थे। आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर उन्हें पुनः अदालत के सामने पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेशानुसार आरोपियों को न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया।

# पंजाब पर वित्तीय संकट चिंता का विषय : सांसद विक्रम साहनी

नई दिल्ली, सितम्बर : राज्यसभा सांसद डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि पंजाब का राजस्व घाटा और राज्य की वित्तीय सेहत गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि राजस्व में लगभग 11 फिसदी की वृद्धि हुई है, लेकिन व्यय में 13 फिसदी की दर से वृद्धि हुई है, पंजाब में वित्त की प्राप्ति और व्यय के बीच निरंतर असंतुलन राज्य पर बढ़ते वित्तीय दबाव का संकेत देता है। डॉ. साहनी ने कहा कि केंद्रीय पूल के लिए गेहूं और चावल की खरीद के लिए सीसीएल ब्याज दरों के कारण पंजाब को सालाना 650 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। डॉ. साहनी ने फिर से केंद्र से अनुरोध किया कि पंजाब को इस वित्तीय संकट और कर्ज के जाल से बाहर निकालने के लिए राज्य की सहायता करें। पंजाब का करीब 8500 करोड़ रुपए का फंड केंद्र सरकार के पास लंबित है, जिसमें ग्रामीण विकास फंड के 5658 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 1000 करोड़ और पूंजी निवेश के लिए राज्य को विशेष सहायता के 1837 करोड़ रुपए शामिल हैं।

# वृद्धावस्था में चिकित्सीय और सामाजिक पहलुओं के साथ विशेष देखभाल के महत्व को पहचानना महत्वपूर्ण : ठकराल

नई दिल्ली, सितम्बर : आर्टेमिस हॉस्पिटल्स ने 8 सितंबर को ग्रैंड-पैरेंट्स दिवस के उपलक्ष्य में वृद्धावस्था देखभाल के महत्व को उजागर करने के लिए वृद्धावस्था चिकित्सा में अपनी प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉ. मीनल ठकराल के साथ एक ज्ञानवर्धक मीट एंड ग्रीट सत्र की मेजबानी की। इस बैठक का उद्देश्य वृद्ध वयस्कों के लिए विशेष देखभाल की बढ़ती आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित करना और ग्रैंड-पैरेंट्स दिवस जिसकी इस वर्ष की थीम, मेरे बुढ़ापे में मुझे अकेला मत छोड़ो है, के अवसर पर जागरूकता फैलाना था। वृद्धावस्था चिकित्सा (जेरियाट्रिक केयर), बुजुर्गों के लिए उच्च-गुणवत्ता, रोगी-केंद्रित देखभाल प्रदान करने के लिए समर्पित एक विशेषता है, जो शारीरिक, मानसिक, कार्यात्मक और सामाजिक स्थितियों की एक विस्तृत श्रृंखला को संबोधित करती है। चूंकि वृद्धों की आबादी लगातार बढ़ रही है और 2050 तक 20.8 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है, जिसके चलते इस क्षेत्र में विशेषज्ञता की आवश्यकता बढ़ रही है। इंडियन एजिंग रिपोर्ट 2023 के अनुसार, हरियाणा और दिल्ली में, 2021 और 2036 के बीच बुजुर्गों की आबादी 9 फीसदी से बढ़कर 14 फीसदी होने की उम्मीद है।

# दिल्ली के जनकपुरी और लाल सैन मंदिर मार्ग के बीच सड़क धंसने से यातायात प्रभावित



**दिल्ली।** पुलिस ने शनिवार को कहा कि एक सड़क धंसने से जनकपुरी के डिस्ट्रिक्ट सेंटर से लाल सैन मंदिर मार्ग की ओर यातायात की आवाजाही प्रभावित है। पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यातायात स्थिति के बारे में जानकारी दी। उसने कहा, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, जनकपुरी के पास जोगिंदर सिंह मार्ग पर सड़क धंसने के कारण जनकपुरी के डिस्ट्रिक्ट सेंटर से लाल सैन मंदिर मार्ग की ओर रास्ते पर यातायात की आवाजाही बाधित है। लाल सैन मंदिर मार्ग की ओर जा रहे यात्रियों को जनकपुरी के ढोली प्याऊ चौराहे से मेजर दीपक त्यागी मार्ग का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है।

# दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 38 धोखाधड़ी वाली वैबसाइटों को हटाने का निर्देश

नई दिल्ली, सितम्बर : मुद्रेक्स, एक ग्लोबल क्रिप्टो इन्वेस्टमैंट प्लेटफॉर्म, ने दिल्ली उच्च न्यायालय से धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों के खिलाफ अपने पक्ष में आदेश प्राप्त किया है। ये वेबसाइटें अवैध रूप से मुद्रेक्स के ट्रेडमार्क का उपयोग करके जनता को धोखा दे रही थीं। न्यायाधीश मिनी पुस्कर्णा के नेतृत्व में अदालत ने उन 38 वेबसाइटों को तुरंत हटाने का आदेश दिया, जो निवेशकों को गुमराह कर रही थीं और घोटाले कर रही थीं। मुद्रेक्स को जनता से कई शिकायतें मिली थीं, जिनमें बताया गया कि इन फ्रॉड प्लेटफार्मों पर लोगों को बड़े निवेश के झूठे वादे किए गए थे। ये वेबसाइटें उपयोगकर्ताओं को आकर्षक ऑफर जैसे गूगल रिव्यूज और कार्य पूर्ण होने पर मनी प्राइज का लालच दे रही थीं। लेकिन यह सब एक वित्तीय धोखाधड़ी का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य लोगों से पैसे और संवेदनशील दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक स्टेटमेंट और संपत्ति के कागजात प्राप्त करना था। जालसाजों ने दस्तावेज प्राप्त करने के बाद संपर्क तोड़ दिया, जिससे निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

# बम धमकी : तुर्किये के हवाई अड्डे पर फंसे यात्रियों को लाने के लिए विस्तारा भेज रहा वैकल्पिक विमान

**दिल्ली।** विमानन कंपनी विस्तारा ने शनिवार को कहा कि वह मुंबई-फ्रैंकफर्ट की अपनी उड़ान के यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक वैकल्पिक विमान और चालक दल के नये सदस्यों को भेज रही है। दरअसल, शुक्रवार को कथित बम धमकी के कारण इस उड़ान को तुर्किये के एरजुरम हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया था। विस्तारा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि विमान के तुर्किये के हवाई अड्डे पर स्थानीय समयानुमार 12.25 बजे पहुंचने और 14.30 बजे (स्थानीय समय) तक सभी यात्रियों को लेकर फ्रैंकफर्ट के लिए प्रस्थान करने की उम्मीद है। मुंबई से फ्रैंकफर्ट जा रही विस्तारा की उड़ान संख्या यूके-27 को शुक्रवार को सुरक्षा चिंताओं के कारण तुर्किये की ओर मोड़ दिया गया था। यह विमान शुक्रवार को एक घंटे की देरी से दोपहर 1.01 बजे मुंबई से रवाना हुआ था और इसे शाम 5.30 बजे फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) पहुंचना था। विस्तारा के सूत्रों ने बताया कि ड्रीमलाइनर 787-9 विमान के चालक दल को कागज पर संदेश लिखा मिला था कि विमान में बम है। इस विमान में कुल 247 लोग सवार थे। विस्तारा ने बयान में कहा, चूंकि, चालक दल ने ड्यूटी की समयसीमा पार कर ली है, इसलिए हम नये चालक दल के साथ एक वैकल्पिक विमान तुर्किये के एरजुरम हवाई अड्डे पर भेज रहे हैं, जिसके वहां 12.25 बजे (स्थानीय समय) पहुंचने और 14.30 बजे (स्थानीय समय) तक सभी यात्रियों के साथ फ्रैंकफर्ट के लिए रवाना होने की उम्मीद है।

# केजरीवाल की सरकार ने पंजाब में बिजली सबसिडी घटा कर एवं पैट्रोल डीजल पर वैट बढ़ा कर मध्यम वर्ग की कमर तोड़ी

नई दिल्ली, सितम्बर : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि हम हमेशा से कहते रहे हैं कि आम आदमी पार्टी के लिए बिजली पानी पर सबसिडी देना केवल चुनाव जीतने का हथकंडा है न कि कोई जन कल्याणकारी योजना। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में बिजली उपभोक्ताओं को मिलने वाली रुपए तीन प्रति यूनिट की सब्सिडी बंद कर दी है जिससे पंजाब के लगभग 11 लाख से अधिक उपभोक्ता महंगी बिजली खरीदने को बाध्य होंगे। इस वृद्धि का सबसे बड़ा प्रभाव पंजाब के मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। इसी तरह पंजाब में आम आदमी पार्टी ने कल पैट्रोल एवं डीजल पर वैट में भी वृद्धि की है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की आम आदमी पार्टी दिल्ली के बाद पंजाब में भी फ्री बिजली पानी एवं सस्ते पैट्रोल ड़ीजल का सपना बेच कर आई थी और अब पंजाब में उसके रंग दिखने लगे हैं, बिजली सब्सिडी कटने लगी है पैट्रोल ड़ीजल पर वैट बढ़ने से दाम बढ़ गये हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की अब दिल्ली वाले भी दिल्ली में बिजली सब्सिडी खोने एवं पैट्रोल ड़ीजल पर वैट वृद्धि के लिए हो जाए तैयार। पंजाब में राजस्व बढ़ने के नाम पर सब्सिडी घटी है, वैट बढ़ा है तो अब शीघ्र दिल्ली में भी किसी ना किसी बहाने से बिजली सब्सिडी भी घटेगी और पैट्रोल ड़ीजल पर वैट भी बढ़ेगा।

## सार संक्षेप

### दो महिला चोरी के आभूषण सहित गिरफ्तार

अफजलगढ़ : नगर की स्माईल मार्केट में स्थित उबेस ज्वेलर्स व हुमा ज्वेलर्स में कुंडल चोरी के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं को सोने के कुंडल के साथ गिरफ्तार कर लिया। महिला नूर निशा पत्नी फुरकान व सुमाईला पत्नी इमरान निवासी कालागढ़ थाना अफजलगढ़ एक जोडी कुंडल चोरी करके ले गई थी। दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने दोनों महिलाओं को मय कुंडल के साथ गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष योगेश चौधरी ने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध चाकू के सात युवक गिरफ्तार

नहटौर : जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण, बिक्री, परिवहन तथा अपने साथ अवैध शस्त्रों को रखने वाले अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में नहटौर पुलिस द्वारा एक युवक तालीब पुत्र मुजाबिर निवासी ग्राम सिकरी बुजुर्ग थाना नहटौर जनपद को एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में आकाश यादव ,राहुल यादव आदी रहे।

### नलकूपों पर हुई चोरियों का अभी तक नहीं खुलासा

**जलीलपुर** : क्षेत्र में चोरों का आंतक जारी लगातार हो रही चोरियों से किसानों में पुलिस के खिलाफ रोष, पुलिस ने नहीं किया चोरियों का खुलासा। क्षेत्र में पिछले लगभग एक महीने में एक दर्जन से अधिक किसानों के ट्यूबवेल से मोटर,मोटर का तार , स्टार्टर चोरी हो गए थे। एक तरफ क्षेत्र में गुलदार का आतंक दूसरी तरफ चोरों का आंतक किसानों में भय बना हुआ है। किसान गुलदार के खोफ के चलते दिन में भी अपने खेतों पर समूह बनाकर जा रहें हैं। वही चोर इसी का फायदा उठाकर क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक मोटर चोरी कर ले गए। जलीलपुर क्षेत्र में चोर पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। पुलिस खाली हाथ लकीर पीट रही है। सीतामठ पुलिस चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में मोटर चोरी के हमारे पास आठ मुकदमे दर्ज हैं। जल्दी ही चोरी का खुलासा कर चोरों को पकड़कर जेल भेजा जायेगा।

### पुलिस ने चेन लूट का आरोपी दबोचा, भेजा जेल

**बिजनौर** : जजी कॉलोनी के पास बदमाशों ने लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता की पत्नी से चेन लूट ली थीं। पुलिस ने चेन लूटने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर आरोपी का चालान कर दिया। इस घटना में एसपी ने लापरवाही बरतने पर कई सिपाहियों को निलंबित कर दिया था।

शहर के जजी कालोनी के पास निरीक्षण भवन में रह रहे लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता जसवीर सिंह की पत्नी से 29 अगस्त की सुबह बाइक सवार बदमाशों ने चेन लूट ली थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। शहर कोतवाल उदय प्रताप ने बताया कि घटना में शामिल जिला और शहर हापुड़ के मोहल्ला रामगढ़ी निवासी शराफत फाजले को गिरफ्तार किया है। उसने घटना अपने साथी नवाब पुत्र इबलेहसन निवासी गांव मंगलखेड़ा इनायतपुर थाना स्योहारा के साथ की थी। पुलिस नवाब की तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपी शराफत के पास से चोरी की बाइक और लूटी चेन का टुकड़ा बरामद किया है।

### पुलिस ने तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया



चांदपुर : स्थानीय पुलिस ने मुकदमे वांछित चल रहे दो आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया। पुलिस पूर्व में ही इसी मामले में छह आरोपियों को भेजा जा चुका है जेल। क्षेत्र के गांव अहरौला निवासी तपिन पुत्र राजपाल ने तीन अगस्त 2024 को छह नामजद अज्ञात लोगो के खिलाफ अवैध तमंचे से फायरिंग व ट्रैक्टर ऊपर चढ़ाने सहित परिजनों को जान से मारने की धमकी में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पूर्व में ही छह आरोपियों को पकड़कर न्यायालय में पेश कर चुकी है। स्थानीय पुलिस ने वांछित दो आरोपी सुनील ऊर्फ सोनू पुत्र जयविन्दर गांव कंजरबसेडा मंडी धनौरा, ऋषित पुत्र बलराज निवासी गांव आरिफपुर माफी थाना रजबपुर अमरोहा को गिरफ्तार किया।

# कासगंज की महिला अधिवक्ता की हत्या के विरोध में गरजे अधिवक्ता, किया प्रदर्शन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर** = शनिवार को राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश के आवाह्न पर तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर जनपद अमरोहा द्वारा मंडी समिति स्थित तहसील परिसर के मुख्य द्वार पर जनपद कासगंज की महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की निशृंस हत्या के विरोध में एवं एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने एवं अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के अध्यक्ष गंगासरन एवं महासचिव सुरमित कुमार गुप्त एडवोकेट के नेतृत्व में समस्त अधिवक्तागण, नवीन मंडी समिति हसनपुर स्थित तहसील परिसर के मुख्य द्वार से अतरासी अमरोहा अड्डा चौराहा से अंबेडकर पार्क होते हुए और उपजिलाधिकारी हसनपुर कार्यालय पर पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन, उपजिलाधिकारी सुनीता सिंह को सौंपा। बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित कुमार गुप्त एडवोकेट ने कहा जिला एवं सत्र न्यायालय कासगंज की महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर की निशृंस हत्या से अधिवक्तागण एवं समाज में बेहद आक्रोश व्याप्त है एवं असुरक्षा की भावना पैदा हो रहीं हैं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मृतक मोहिनी तोमर एडवोकेट के आश्रितों को तत्काल एक करोड रुपए की राशि प्रदान करें एवं उनके एक मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी एवं हत्याकांड का निष्पक्ष खुलासा कर दोषियों को फांसी की सजा दी जाए। बार अध्यक्ष गंगासरन एडवोकेट ने कहा राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा तैयार किया गया अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का मूल ड्राफ्ट ही विधि आयोग से स्वीकृत कर उत्तर प्रदेश में तत्काल लागू किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से एल्डर कमेटी के सदस्य हरिओम शर्मा, दिनेश गुप्ता, बार के पूर्व अध्यक्ष नरेश पाल सिंह, चौधरी गजेंद्र सिंह, विनोद सक्सेना,महिपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, आफताब आलम, बार उपाध्यक्ष रामचंद्र सिंह, फतेह सिंह,कोषाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, उपसचिव प्रशासन केशव प्रजापति, रमेश चंद्र, चरन सिंह चौहान, अरविंद शर्मा, विनोद त्यागी, सोहेल अब्बास, आदि मौजूद रहे।

# सातवें दिन भी ठगी पीड़ित परिवार के लोगों का धरना जारी रहा एस डी एम को दिया ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**अमरोहा** = शनिवार को जिला अमरोहा कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन असहयोग सत्याग्रह आन्दोलन लगातार सातवें दिन भी जारी रहा, जिसमें आंदोलनकारी ठगी पीड़ित परिवार के लोगों ने सरकार से मांग की है कि ठगी पीड़ित निवेशकों का बड्स एक्ट 2019 कानून को लागू कर 180 कार्य दिवस में भुगतान किया जाना चाहिए और ठगो के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर उनकी प्रोपर्टी नीलाम कर निवेशकों का भुगतान किया जाना चाहिए, तथा निर्दोष ऐजेंटों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए क्योंकि उनकी खुद की जीवन भर की जमा पूंजी इन कंपनियों में निवेश है, निवेशकों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उनकी जमा राशि को जमा हुए 15-20 वर्ष हो गए हैं किसी ने अपनी बेटी की शादी करनी है, तो किसी ने अपने बुढ़ापे के लिए, किसी ने बच्चों की पढ़ाई के लिए यह धनराशि जमा की थी, लेकिन आज सभी सपने बिखर गए हैं उनहे अपनी जमा पूंजी भी वापस नहीं मिल पा रही है, अतः सरकार से अनुरोध है कि जल्द निवेशकों का भुगतान किया जाना बहुत जरूरी है। आंदोलन में अनेकों पीड़ितो ने भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश सचिव मनोज कुमार, प्रदेश सचिव डा मुन्ना, डा वीर सिंह , जिला उपाध्यक्ष प्रेम सिह ,डा सतपाल, कमलेश देवी, राजपाल सिंह, महेन्द्र सिंह, सुभाष नागर ,डा लाखन सिंह, सुरेश कुमार आदि सहित भारी संख्या में ठगी पीड़ित लोग मौजूद रहे '

# गणपति बप्पा मोरया के नारों के बीच घर घर विराजे गणपति बप्पा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**





**अमरोहा**= गणेश चतुर्थी के मौके पर शनिवार को अमरोहा तथा हसनपुर आदि क्षेत्र में घर घर में गणेश जी की स्थापना के साथ दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ हो गया। भक्तों ने शनिवार को शुभ मुहूर्त में विधिवत पूजा अर्चना के बाद अपने घरों में गणेश मूर्ति स्थापित की। इसी के साथ गणपति बप्पा मोरया के नारों के बीच घर घर में गणपति बप्पा विराजित हो गए। अगले दस दिनों तक हर ओर बप्पा की धूम रहेगी। आपको बता दें कि शनिवार को श्रीगणेश चतुर्थी पर घर-घर प्रथम पूज्य श्रीगणपति महाराज की पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चार के साथ विधिविधान से मूर्ति स्थापना की गई। भक्तों ने विघ्नविनाशक का भोग लगा आरती उतारी। घरों में ही पूजन करके भगवान गणेश से सुख-समृद्धि मांगी गई। वही हसनपुर नगर में भी भक्तों ने अपने-अपने घरों पर भगवान गणेश जी की मूर्ति की स्थापना की, वही गणेश स्थापना को लेकर हार फूल वालों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई गणेश भक्त श्रीमती नीता महेश्वरी ने बताया कि भगवान गणेश खुद रिद्धि-सिद्धि के दाता और शुभ-लाभ के प्रदाता हैं। वह भक?तों की बाधा, सकंट, रोग-दोष और दरिद्रता को दूर करते हैं। उन्होंने बताया कि भाद्र मास के शुक्ल की चतुर्थी के दिन गणपति का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को गणेश चतुर्थी के रूप में मनाए जाने की परंपरा है। भगवान गणेश के जन्मोत्सव से शुरू हुआ त्योहार दस दिन रहेगा। अनंत चतुर्दशी के दिन विसर्जन के साथ ही गणेश महोत्सव का समापन होगा।

# गणेश चतुर्थी महोत्सव पर नगर में निकली शोभा यात्रा

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर**= शनिवार को गणेश चतुर्थी महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसके चलते मंदिरों तथा घरों में गणेश जी की मूर्तियों को प्रतिष्ठित किया गया और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया साथ ही नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित हनुमान मंदिर से भगवान श्री गणेश जी की विशाल मूर्ति को भक्तों द्वारा रथ में विराजमान कर नगर में भ्रमण कराया गया, शोभायात्रा नगर के हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, इंदिरा चौक आदि स्थानो से होती हुई वापस हनुमान मंदिर पर आकर संपन्न हुई, शोभा यात्रा में महिला एवं पुरुष भक्तगण धार्मिक भजनों पर झूमते हुए नजर आए, शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, बताते चले कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव सेवा समिति हनुमान मंदिर मोहल्ला कायस्थान हसनपुर द्वारा इस वर्ष भी गणेश जी की शोभायात्रा निकाली गई इस संबंध में समिति के मंकू सक्सेना ने बताया कि 7 सितंबर से 14 सितंबर तक भजन कीर्तन व प्रातः एवं संध्या आरती का कार्यक्रम चलेगा और 14 सितंबर को गणेश जी की प्रतिमा का ब्रजघाट पहुंचकर विसर्जन किया जाएगा, इस मौके पर मुख्य रूप से मंकू सक्सेना, अंकित यादव, नितिन सक्सेना, राजा वर्मा, मनु वर्मा, हरिओम सक्सेना, बंटी वर्मा, शेखर वर्मा, अनंत वर्मा, आयुष मित्तल, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, व्यापारी नेता सचिन गुप्ता एवं तरुण अग्रवाल , डोली शर्मा, विजय शर्मा, विश्पति सक्सेना, दीपमाला वर्मा आदि सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष भक्त गण मौजूद रहे '

# संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज हुई 32 शिकायते,4 का हुआ निस्तारण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर**= शनिवार को शासन की मंशा अनुसार लगाया जा रहे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन नगर के ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया जिसमें उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा फरियादियों की फरियाद सुनी गई, समाधान दिवस में 32 शिकायते दर्ज हुई जिसमें से चार का अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण करा दिया, वहीं अन्य संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेशित किया गया है, संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 15 शिकायतें, पुलिस विभाग की 9 तथा पूर्ति विभाग की 2 व विकास विभाग की 3 तथा 3 अन्य शिकायतें प्राप्त हुई, उपस्थिति रजिस्टर चेक किया, वही अधिकारियों द्वार 28 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेशित किया गया, इस मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे ' इस मौके पर उप जिलाधिकारी सुनीता कुमारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने पिछले समाधान दिवस में आई शिकायतो के निस्तारण की जानकारी ली तथा

# सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन हसनपुर ने प्रदर्शन कर एस डी एम को सौंपा ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर**=शनिवार को सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन हसनपुर द्वारा कासगंज में महिला अधिवक्ता मोहिनी तोमर के साथ हुई घटना वह हत्या के विरोध में जोरदार प्रदर्शन करते हुए सिविल कोर्ट से जुलूस के रूप में एसडीएम कार्यालय पर पहुंच कर एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी को सोपा, जिसमें अधिवक्ता के कातिलों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने एवं अधिवक्ता के परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में एक करोड रुपए की राशि दिए जाने वह मृतक आश्रित के परिजनों में से एक को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की गई है, ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से एडवोकेट हुसैन खा, टेकचंद सिंह राणा, दीनदयाल यादव, मुदित कुमार शर्मा, नीरज कुमार त्यागी, गौरव शर्मा, नरेश सिंह, जगदीश सिंह, जगपाल सिंह, संगीता शर्मा, धीरेंद्र सिंह, गंगा शरन, चंद्रशेखर चौहान, सुहैल परवेज, नंदराम सिंह एडवोकेट आदि सहित भारी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे '

# महिला की हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, जांच

## पुलिस ने शव को कब्र से निकालकर कराया था पीएम

नजीबाबाद



मंडावली पुलिस की हिरासत में आरोपी।

**मंडावली** पुलिस ने महिला की हत्या के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो का चालान कर जेल भेज दिया। विगत माह पूर्व मृतका के पुत्रों ने थाने में तहरीर देते हुए अभियुक्तों पर एक राय होकर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी और कब्र से शव को निकालकर पीएम के लिए भेजा था।

रानी नांगल गांव छजमलवाला थाना-रेहड़ निवासी मुस्तफा पुत्र रोशनदीन ने मंडावली थाने मे तहरीर देकर बताया था कि उसकी बहन मरीयम की शादी यामीन पुत्र इल्मुदीन, निवासी नीम वाली जंगल थाना मंडावली जिला बिजनौर से हुई थी। उसकी बहन के पति यामीन की मृत्यु वर्ष 2019 में हो गई थी। प्रार्थी की बहन के पति की मृत्यु के बाद से ही मौ.आलम पुत्र गुलामनबी, निवासी ग्राम ताहरपुर, थाना नजीबाबाद जो मरीयम का तेहरा देवर है व कासम पुत्र इल्मुदीन, निवासी कोटद्वार जो प्रार्थी की बहन का सगा देवर है। यामीन की मृत्यु बाद से ही मरीयम पर बुरी नजर रखते थे। तथा प्रार्थी की बहन पर निकाह करने का दबाव बनाते रहते थे। यामीन की मृत्यु के बाद प्रार्थी की बहन मरीयम ने कासम पुत्र बजीर निवासी ग्राम ठण्डा जंगल थाना मंडावली से निकाह कर लिया था। विगत बारह जून की रात को बहन मरीयम को जान से मारकर घर के अन्दर बन्द बैठक की बल्ली पर शव लटका दिया। मृत्यु की सूचना अब्दुल गनी व मौ.आलम ने दी। गांव पहुंचे तो अब्दुल गनी, मौ. आलम पुत्र गुलाम नबी निवासी ग्राम ताहरपुर थाना नजीबाबाद, कासम पुत्र इल्मुदीन निवासी कोटद्वार, रफी पुत्र आलमगीर, निवासी ग्राम चतरूवाला थाना नजीबाबाद प्रार्थी की बहन मरीयम को नहला कफनाकर तैयार कर रखा था और शव का केवल प्रार्थी व प्रार्थी के साथ आये लोगो को चेहरा दिखाकर दफना दिया गया। बाद में जानकारी करने पर पता चला कि बहन की हत्या की है मृतका के पुत्रों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। कुछ दिन पहले ही पुलिस ने शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा था। पुलिस के अनुसार मुस्तफा की तहरीर के आधार पर दर्ज मुकदमें में वांछित हत्यारोपी अब्दुल गनी और कासिम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# छेड़छाड़ के मामले में तीन दबोचे

धामपुर



**गुरुवार** को हिन्दु समुदाय के लोगों द्वारा नगर की सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने के बाद धामपुर पुलिस हरकत में आ गई और पुलिस ने इस मामले में तीन और आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने इस मामले में भी तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

धामपुर नगर निवासी एक महिला की देवती के साथ गैर सम्प्रदाय के युवक द्वारा छेड़छाड़ का प्रयास किया गया। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी फरदीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा लापरवाही बरती गई तो गुरुवार की शाम पीड़ित बेटी को न्याय दिलाने के लिए हिन्दु समुदाय के लोग धामपुर की सड़कों पर उतर आए और उन्होंने जोरदार प्रदर्शन किया। हिन्दु समुदाय के लोगों द्वारा सड़कों पर उतरने के बाद धामपुर पुलिस हरकत में आई और पुलिस ने इस मामले में तीन अन्य आरोपियों मौ.रिहान पुत्र सईद अहमद व सुल्तान पुत्र खुर्शीद अहमद निवासीगण ग्राम मौहम्मदपुर अलीपुर भिक्कन नीन्दडू, मौ.आफताब पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी मौहम्मद नई बस्ती थाना धामपुर को गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ विभिन्न संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संजय कुमार, हेड कांस्टेबिल भूप सिंह व लालमन, कांस्टेबिल अजयपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# पुलिस पर कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में की शिकायत

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर**= शनिवार को कोतवाली पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न किए जाने को लेकर पीड़ित परिवार द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की गई, बता दे चले कि क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी भगवत खड़कवंशी का अपने तहरे भाई बिरजू से पुराना विवाद चल रहा है विवाद के चलते बीते सोमवार को बिरजू ने भागवत के घर पर चढ़ाई कर मारपीट की थी जिसमें भागवत की पत्नी चमेली, भाई रामवीर वह भतीजा दुर्गेश गंभीर रूप से घायल हो गया था जिन्हें लेकर 5 दिन पूर्व बिरजू ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत की थी तथा मेडिकल भी कराया था, लेकिन बिरजू का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों से हम साज होकर तहरीर बदल दी है तथा आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिसको लेकर भागवत अपनी घायल पत्नी चमेली को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचा और हसनपुर पुलिस पर कार्रवाई न किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई, इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मेडिकल के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी '

# चांदपुर क्षेत्र में खनन माफिया का बोलवाला, प्रशासन मौन

चांदपुर



जेसीबी से होता अवैध खनन।



प्लाट में डाली जा रही मिट्टी।

**क्षेत्र** के गांव हीमपुर बुजुर्ग में अवैध रूप से मिट्टी खनन बिना परमिशन के चल रहा था। खनन उच्च अधिकारी को शिकायत के बाद कार्रवाई की गई। ये खनन कई दिनों से चल रहा था। पुलिस ने तीन ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया। कुछ खनन माफिया अपने ट्रैक्टर ट्राली लेकर फरार हो गए।

चांदपुर-नूरपुर मार्ग पर स्थित गांव हीमपुर बुजुर्ग में बेखौफ मिट्टी खनन माफिया कॉलोनी में जोर-शोर से अवैध खनन कर रहे है। दरअसल इस्माइलपुर के जंगल से लोडरों से ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी खनन भारी मात्रा में किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो पुलिस और राजस्व विभाग की मिलीभगत से सुबह से ही मिट्टी खनन का कार्य जोरों से चालू हो जाता है। खनन माफिया क्षेत्र में इतने सक्रिय हो चुके हैं कि राजस्व विभाग को लाखों रुपए हानि हो रही है। खनन माफिया का चोरी छुपे अंधेरे में ही मिट्टी खनन जारी हो जाता है। मिट्टी खनन भरते हुए लोडर की एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई और वीडियो उच्चाधिकारी को भेजी गई। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन उससे पहले कुछ खनन माफिया अपने ट्रैक्टर ट्राली व लोडर को लेकर मौके से फरार हो गए। खनन माफिया ने लाखों रुपये का ठेका लिया था और बिना परमिशन के ही कालोनी में लगभग 200 से ढाई सौ मिट्टी ट्राली डाल दी गई है। देखने वाली बात होगी कि खनन माफिया के खिलाफ पुलिस या राजस्व विभाग कितनी बड़ी कार्रवाई करता है। यूपी की योगी सरकार खनन को लेकर सख्त नजर आ रही है लेकिन मिट्टी खनन माफिया प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर सुबह से ही अवैध खनन करने में लगे हैं। पुलिस को सूचना मिलने के बाद खनन माफिया में मचा हड़कंप। कुछ खनन माफिया अपने ट्रैक्टर ट्रॉली व लोडर लेकर हुए फरार। मौके पर मिट्टी खनन से भरे तीन ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने किया सीज।

**बिना मानक कट रही है कॉलोनी...**

सूत्रो की माने तो चांदपुर में अवैध रूप से कॉलोनाइजर ने कॉलोनी काट कर लोगों को चूना लगा दिया। अक्सर प्रॉपर्टी डीलर बिना मानक के ही कॉलोनी काट देते है।

# हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा गढ़ी-सांपला, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान होडल से लड़ेंगे

## कांग्रेस ने 31 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

चंडीगढ़, सितंबर : हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपनी पारंपरिक सीट गढ़ी-सांपला-किलोई विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान अपनी पारंपरिक सीट होडल से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस ने आखिरकार 06 सितंबर की देर रात 31 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पहली सूची में ये हैं उम्मीदवार



| विधानसभा क्षेत्र | उम्मीदवार |
|---|---|
| गढ़ी-सांपला-किलोई | भूपेंद्र सिंह हुड्डा |
| होडल | उदयभान |
| कालका | प्रदीप चौधरी |
| नारायणगढ़ | शैली चौधरी |
| साढौरा | रेणु बाला |
| रादौर | बीएल सैनी |
| लाडवा | मेवा सिंह |
| शाहबाद | रामकरण काला |
| नीलोखेड़ी | धर्मपाल गोंदर |
| असंध | शमशेर सिंह गोगी |
| समालखा | धर्म सिंह छोक्कर |
| खरखौदा | जयवीर वाल्मीकि |
| सोनीपत | सुरेंद्र पंवार |
| गोहाना | जगबीर मलिक |
| बड़ौदा | इंदुराज नरवाल |
| जुलाना | विनेश फोगाट |
| सफीदों | सुभाष गांगोली |
| कालांवाली | शीशपाल केहरवाला |
| डबवाली | अमित सिहाग |
| रोहतक | भारत भूषण बतरा |
| कलानौर | शकुंतला खटक |
| बहादुरगढ़ | राजेंद्र जून |
| बादली | कुलदीप वत्स |
| झज्जर | गीता भुक्कले |
| महेंद्रगढ़ | राव दान सिंह |
| रेवाड़ी | चिरंजीव राव |
| नूह | आफताब अहमद |
| फिरोजपुर झिरका | मामन खान |
| पुन्हाना | मोहम्मद इलियास |
| फरीदाबाद एनआईटी | नीरज शर्मा |

## बजरंग पूनिया ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन नियुक्त

कांग्रेस ने पहलवान बजरंग पूनिया को ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं। पूनिया शुक्रवार को ही कांग्रेस में शामिल हुए थे।

# डीएवी पीजी कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्रतिभागी कलाकारों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन।

## विद्यार्थियों को कलां, संस्कृति एवं लोक नृत्य से जोड़ते हैं टेलैंट शो : डॉ. रामपाल सैनी

**सुखविंदर सोही**

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में टैलेंट खोज समारोह के दूसरे व अंतिम दिन युवा एंव सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के तत्वाधान में नृत्य एंव गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। टैलेंट खोज समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में विराजमान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का माध्यम है टैलेंट शो जो उनके अंदर छिपे टैलेंट को हुनर के रूप मे तराशने का काम करते है। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों में छुपी हुई प्रतिभाएं भी तब तक बाहर नही निकल पाती जब तक कि उन्हें कोई रंगमंच ना मिले। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कलां, संस्कृति एवं लोक नृत्य से जोड़ते हैं टैलेंट




प्राचार्य ने भी इस मौके पर जहाज के मैं बैठ गौरी राम रटकै हरियाणवी रागनी सुनाकर संमा बांध दिया और श्रोताओं की खूब वाह-वाही लुटी। वहीं दूसरी ओर बीएमसी प्रथम की छात्रा आरती और काजल ने हरियाणवी गीत सास तेरा कहा ना मानु री , म्हारे महल पै बोल्यै टटीरी पर अपनी प्रस्तुति देकर विद्यार्थियों का खुब मनोरंजन किया। छात्रा सिमरन ने मेरी सखी सहेली पढ़नै लाग्गी री मां गीत गाकर सबको भावुक कर दिया। बीए प्रथम वर्ष के छात्र तरुण कुमार ने सबको हंसाना, सबको नचाना बस यही मेरा कसूर बादशाह ओ बादशाह गाने पर डांस प्रस्तुत कर छात्रों को खुब नचाया। हर्ष ने हरियाणा में आई रै बिजली, नई नवेली आई रै नार, हट जा ताऊ पाछैअ नै हरियाणवी गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

# विकास के मामले में आज करनाल अपनी अलग पहचान रखता है: जगमोहन आनंद

## भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनंद को मिल रहा प्रचंड जीत का आशीर्वाद

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी जगमोहन आनंद शनिवार सुबह भाजपा कार्यालय करनाल में पार्टी कार्यकताओं से मिले। कार्यकताओं ने जगमोहन आनंद का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए टिकट मिलने की बधाई दी और विधानसभा चुनाव में जीत के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद उनके निवास स्थान पर मिलकर शुभकामनाएं देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। वहीं, जगमोहन आनंद ने पार्टी कार्यकताओं को चुनाव में जोर-शोर से पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यकताओं ने भी भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनंद को आश्वासन दिया कि चुनाव में भाजपा को जीत दिलवाने के लिए उन्होंने अपनी कमर कस ली है। इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत से चुनाव में जीत हासिल करेगी और प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाते हुए जीत की हैट्रिक लगाएगी। जगमोहन आनंद ने कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश के साथ-साथ करनाल में विकास की गंगा बहाई है। विकास के मामले में आज करनाल अपनी अलग पहचान रखता है। जगमोहन आनंद ने कहा कि मनोहर लाल की नीतियों से प्रदेश की जनता लाभान्वित हुई और आज घर बैठे लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसके बाद अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब जनता के आशीर्वाद से वे करनाल में विकास कार्यो को थमने नहीं देंगे। करनाल की जनता ने तीसरी बार करनाल में कमल खिलाने का मन बना लिया है।



# भाजपा ने नारनौंद की जनता को दी टिकट : कैप्टन अभिमन्यु

हिसार, क्तूबर : वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने अपना चुनाव अभियान क्षेत्र की जनता को सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने केवल कैप्टन अभिमन्यु को नहीं बल्कि नारनौंद की जनता को टिकट दी है और अब यहां की जनता ही उनका चुनाव लड़ेगी। कैप्टन अभिमन्यु गुरुवार को अपने पैतृक गांव खांडाखेड़ी में क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। टिकट मिलने के बाद नारनौंद आ रहे कैप्टन अभिमन्यु को मुंढाल से बास होते हुए खांडाखेड़ी तक बाइक व कारों के काफिले के साथ गांव में लाया गया और उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद कैप्टन अभिमन्यु पूर्व विधायक रामकुमार गौतम के आवास पर पहुंचे और उनसे आशीर्वाद लिया। यहां पर पंडित रामकुमार गौतम ने अपने समर्थकों की बैठक लेकर नारनौंद क्षेत्र में कैप्टन अभिमन्यु के चुनाव में जी जान से जुटने का आह्वान किया और कहा कि जीत तक कार्यकर्ता चैन से न बैठें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि कैप्टन को बनाओ, ये बहुत बड़ी ताकत बनेगा। खांडाखेड़ी गांव में क्षेत्र भर से एकत्रित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पार्टी ने उन्हें टिकट देकर नारनौंद की जनता पर भरोसा जताया है। अब नारनौंद की जनता इसे अपना चुनाव मानकर अपने भाई व बेटे की जीत के लिए दिन-रात एक कर दें। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याण की नीतियों को जारी रखने, हर जरूरतमंद को लाभ पहुंचाने सहित अंत्योदय के तहत हर जरूरतमंद को सरकारी नीतियों का लाभ पहुंचाने के लिए भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाना हर नागरिक का कर्तव्य है।

# हरियाणा सरकार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए किए व्यापक प्रबंध

**चंडीगढ़, सितम्बर :** हरियाणा के मुख्य सचिव डा. टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं। एक अंतर-राज्यीय समन्वय बैठक में भाग लेने के बाद, डॉ. प्रसाद ने बताया कि प्रदेश भर में 341 उड़न दस्ते और 125 स्थैतिक निगरानी टीमें तैनात की गई हैं, जो अन्य राज्यों की सीमा से सटे जिलों की निगरानी करेंगी। इसके अतिरिक्त, सीमा पार आवाजाही की निगरानी के लिए 124 अंतर-राज्यीय नाके लगाए गए हैं। इसके साथ ही, शराब, नशीले पदार्थों और अन्य अवैध सामान की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए भी 90 अंतर-राज्यीय नाके स्थापित किए गए हैं। डा. प्रसाद ने बताया कि चुनाव की घोषणा के बाद से, हरियाणा पुलिस ने 96 बिना लाइसैंस वाले हथियार और 113 कारतूस जब्त किए हैं।

अकेले वर्ष 2024 में, कुल 1,795 बिना लाइसैंस वाले हथियार और 2,383 कारतूस जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान 176 घोषित अपराधी, 129 बेल जम्पर और 1 पैरोल जंपर को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त, 24 फरार व्यक्ति, 9 मोस्टवांटेड अपराधी और 210 सक्रिय वारंट वाले व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सचिव ने ड्रग तस्करों और शराब अपराधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम 1988 के तहत, वर्ष 2023 में 51 आदतन ड्रग तस्करों को हिरासत में लिया गया और वर्ष 2024 में अब तक 10 को हिरासत में लिया गया है। एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत 104 ड्रग तस्करों की 48.64 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां जब्त की गई हैं। इसके अलावा, वर्ष 2024 में एनडीपीएस के 2,214 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 3,151 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जनवरी, 2024 से अब तक आबकारी अधिनियम के तहत कुल 6,629 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप 7,649 गिरफ्तारियां हुई हैं। इसके अलावा, बड़ी मात्रा में अवैध शराब भी जब्त करने के साथ-साथ शराब की 55 अवैध भट्ठियों को भी नष्ट किया गया है। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर, सीआईडी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री आलोक मित्तल, आबकारी एवं कराधान आयुक्त श्री अशोक मीणा तथा पुलिस, परिवहन और आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मैं राजनीति में नहीं जा रही... मेरा ध्यान भारत को खेलों में नंबर 1 बनाने पर : साक्षी मलिक

नई दिल्ली, सितंबरः पूर्व पहलवान और रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने साथी ओलंपियन बजरंग पुनिया और विनेश फोगट की तरह राजनीति में शामिल होने की खबरों को खारिज कर दिया है और कहा है कि उनका ध्यान भारत को खेलों में नंबर 1 बनाने पर है। शुक्रवार को पूर्व पहलवान विनेश फोगाट, टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज बजरंग पुनिया के साथ, 5 अक्टूबर को हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले यहां कांग्रेस में शामिल हो गईं। साक्षी ने एक्स, पूर्व में ट्विटर, पर एक पोस्ट में लिखा, 'मैं अपने सभी मीडिया मित्रों को सूचित करना चाहती हूं कि मैं चुनाव नहीं लड़ रही हूं, न ही मैं किसी राजनीतिक दल से जुड़ी हूं। मेरा पूरा ध्यान भारत को खेलों में नंबर 1 बनाने पर है। मेरा सपना है कि भारत को कम से कम 50 ओलंपिक पदक मिलें। देश ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मेरा जीवन देश को समर्पित है। ' उन्होंने पोस्ट में आगे लिखा है, 'मैं देश भर में बच्चों को मुफ्त खेल प्रशिक्षण प्रदान करने और कुश्ती को हर घर तक ले जाने के मिशन पर काम करूंगी। मैं हर शहर में अच्छी खेल सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए काम करूंगी।'

# पिछड़ा वर्ग किसी भी राजनीतिक पार्टी का पिछलग्गू नहीं : सुरेन्द्र वर्मा

## हरियाणा विस चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने के लिए एकजुट हुए सर्व बीसी समाज ने 20 सदस्यीय कमेटी का किया गठन



मीटिंग में भाग लेते पिछड़ा वर्ग के लोग।

जींद, सितम्बर : पिछड़ा वर्ग किसी भी राजनीतिक पार्टी का पिछलग्गू नहीं है। यह कहना है सर्व पिछड़ा वर्ग समाज का। अपने अधिकारों, हितों एवं राजनीति भागीदारी को लेकर सर्व बीसी समाज जिला जींद के प्रबुद्ध नागरिकों की जींद स्थित बैरागी धर्मशाला में अहम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में एकजुटता के साथ सर्व बीसी समाज की 20 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इस कमेटी में समाज सेवी चांदीराम जांगड़ा, सत्यनारायण सैन, राजकुमार जोगी, बलवंत सिंह पांचाल, लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा के रिटायर्ड डीआईपीआरओ सुरेन्द्र कुमार वर्मा, शिव कुमार रोहिल्ला, योगेश बैरागी, चन्द्रभान जांगडा, महावीर डांगी, कपिल जोगी, भगवान सिंह धीमान पीपलथा, शमशेर ढाकल, श्यामलाल गुर्जर, बलबीर, दिलबाग, राजेन्द्र, संदीप घोघड़ियां आदि के भी नाम शामिल किए गए हैं। यह कमेटी बहुत जल्द आगामी रणनीति बनाएगी और सफीदों एवं जींद विधानसभाओं सहित अन्य क्षेत्रों में बीसी ए के उम्मीदवार उतारने बारे फैसला लेगी। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग एकता जिन्दाबाद के नारे लगाकर बीसी समाज में जोश भरा गया और संगठन को मजबूत बनाने एवं एकता का परिचय भी दिया गया। हरियाणा में राजनैतिक दलों द्वारा अति पिछड़ा वर्ग समाज को उचित प्रतिनिधित्व न देने से सर्व बीसी ए वर्ग में भारी रोष है और राजनीति में वर्षो से उपेक्षित इस वंचित समाज के साथ उचित भागीदारी न मिलने से लगातार अन्याय व शोषण होता रहा है। इसका खामियाजा बीसी ए की टिकट वितरण में अनदेखी करने वाले सम्बन्धित राजनैतिक दल को उठाना पड़ेगा और 5 अक्तूबर के विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से माध्यम से संबंधित राजनीतिक दल को करारा जवाब मिलेगा। उल्लेखनीय है कि पूरे हरियाणा में अति पिछड़ा वर्ग की लगभग 32 प्रतिशत आबादी है और बीजेपी द्वारा घोषित 67 सीटों में से सिर्फ 3 सीटें बीसी ए को दी हैं जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। जींद जिला में बीसी वोटरों की सर्वाधिक संख्या होने के बावजूद भी सफीदों एवं जींद विधानसभाओं क्षेत्रों में से कोई भी सीट बीसी ए वर्ग को नहीं दी गई है जिस कारण बीसी समाज के लोगों में जबरदस्त व भारी रोष है। इसको लेकर सफीदों में 8 सितंबर को बीसी ए समाज की अहम मीटिंग भी बुलाई गई है जिसमें आगामी रणनीति तय की जाएगी।

# गुजवि ने किए विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित

हिसार, अक्तूबर : गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि मई 2024 में आयोजित एमटेक ईएसई द्वितीय सैमेस्टर (मेन) बैच 2023, एमएससी कैमिस्ट्री ड्युअल डिग्री द्वितीय सैमेस्टर (मेन) बैच 2020, एमएससी मैथेमेटिक्स ड्युअल डिग्री द्वितीय सैमेस्टर (मेन) बैच 2020, एमएससी साइकोलॉजी द्वितीय सैमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021-2022, एमबीए प्रोजेक्ट चतुर्थ सैमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमबीए मार्कीटिंग प्रोजैक्ट चतुर्थ सैमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स प्रोजैक्ट चतुर्थ सैमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमबीए आईबी प्रोजैक्ट चतुर्थ सैमेस्टर (मेन) बैच 2022, मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी द्वितीय सैमेस्टर (मेन) बैच 2022, एमएससी जियोग्राफी कोर्स कोड-246 चतुर्थ सैमेस्टर (मेन) बैच 2022, पीजीडी जी एंड सी द्वितीय सैमेस्टर (मेन) बैच 2023, बीएससी मैथेमेटिक्स ड्युअल डिग्री छठा सैमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2017-2020,

# हरियाणा कौशल रोजगार निगम में तैनात कर्मियों के वेतन में आठ फीसदी बढ़ौतरी का पत्र जारी

चंडीगढ़, सितंबर : हरियाणा सरकार द्वारा एचकेआरएनएल कर्मियों के वेतन में आठ फीसदी बढ़ौतरी को लेकर की गई घोषणा का पत्र जारी हो गया है। सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मियों के वेतन में एक जुलाई 2024 से बढ़े हुए वेतन को लेकर पत्र जारी कर दिया है। अब इन कर्मचारियों को एक जुलाई से आठ फीसदी बढ़ौतरी के साथ बढ़े हुए वेतन का लाभ मिलेगा। एचकेआरएन ने पूरे प्रदेश को तीन श्रेणियों में बांटा हुआ है। पत्र के मुताबिक श्रेणी एक में शामिल होने वाले जिलों को लेवल एक, लेवल दो और लेवल तीन में निम्न दरों के साथ वेतन दिया जाएगा।

# साबुन निर्माता उद्योग में कैमिकल गिरने से 3 कामगार झुलसे, 1 पीजीआई रैफर

नालागढ़, सितंबर : औद्योगिक क्षेत्र झाड़माजरी के एक साबुन बनाने वाले उद्योग में केमिकल गिरने से 3 कामगारों के बुरी तरह से झुलसने का समाचार प्रकाश में आया है। इनमें से एक कामगार की गम्भीर हालात को देखते हुये उसे को पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया गया है। उद्योग प्रबंधन द्वारा न तो इसकी सूचना पुलिस विभाग को दी गई और न ही इसके बारे में किसी अन्य को बताया गया। बरोटीवाला पुलिस को मामले का पता तब चला जब कामगार ने अपनी फोटो के साथ सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डाली व अपना दुख मीडिया कर्मियों के साथ सांझा किया। सूचना मिलते ही इंटक फैडरेशन के महासचिव हरबंस राणा व उपाध्यक्ष आदित्य चड्ढा साबुन उद्योग के गेट पर पहुंचे व उद्योग प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने इसकी एक शिकायत बरोटीवाला पुलिस को दी, जिसके बाद बरोटीवाला पुलिस की टीम एसएचओ नीलम कुमार के साथ मौके पर पहुंची व स्थिति का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि कैमिकल की चपेट में आए 3 कामगारों में से 2 की पहचान सुनील ठाकुर व राजीव के रूप में की गई, जबकि तीसरे के बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। कैमिकल की चपेट में आए कामगार सुनील ठाकुर को गंभीर हालत के चलते पीजीआई रैफर कर दिया गया है। एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद बरोटीवाला पुलिस की टीम को मौके पर भेज दिया है व मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं उद्योग प्रबंधन का कहना है कि दुर्घटना का शिकार हुए कामगार को सूचना मिलते ही पहले ईएसआई हस्पताल काठा ले जाया गया व हालत गंभीर होने पर उसे पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया है। उद्योग प्रबंधन के अनुसार घायल कामगारों का इलाज करवाया जा रहा है व कानूनी प्रक्रिया के तहत ही सारे कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। उसके बावजूद भी अगर इस प्रकार की घटना हुई है तो उद्योग प्रबंधन अपने स्तर पर भी इसकी जांच करेगा।

# अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक सोच हैं : भगवंत मान

## बीजेपी चुनाव के लिए जितनी मर्जी तारीख बढ़वा ले इस बार सूपड़ा साफ होगा : भगवंत मान ,हरियाणा में इंडस्ट्रियों को 10 रुपए प्रति यूनिट बिजली मिल रही, पंजाब में साढ़े 5 रुपए दे रहे : भगवंत मान

### दिल्ली और पंजाब के बाद हरियाणा में भी ईमानदार सरकार की जरूरत : हरपाल भट्टी

जाखल, सितंबर : पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सरदार भगवंत मान ने टोहाना विधानसभा के गांव जाखल में बदलाव जनसभा को संबोधित किया। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष हरपाल सिंह भट्टी, डॉ. अनिल रंगा, गुरविंदर सिंह गरजा, लक्ष्य गर्ग, कुलदीप गदराना, हैप्पी सिंह, सुखविंदर गिल, आदित्य बंसल, जगबीर जग्गा, एडवोकेट हरपाल, बीबो इंदोरा, मनदीप सेखो, विनोद भड़ोलावाली, कमल बिसला, चौधरी साधुराम बिश्नाई, रोहताश और प्रेम कुमार मुख्यतौर पर मौजूद थे। पंजाब के हरमन प्यारे मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि यहां पहुंचे लोगों की संख्या बता रही है कि हरियाणा के लोग नई कहानी लिखने के लिए तैयार बैठे हैं। रैली में आई माताएं बहनें जानती हैं कि आज चुल्हा जलाना कितना महंगा हो गया है। इनको नमक मिर्च से लेकर गैस सिलेंडर तक के दाम का पता है। हरियाणा और पंजाब की समस्याएं साझी हैं। हरियाणा के एक तरफ दिल्ली है तो दूसरी तरफ पंजाब है, यहां दोनों जगह आम आदमी पार्टी की सरकार है। जहां पर काम हो रहे हैं। मात्र दो साल में बिना किसी रिश्वत के 43700 सरकारी नौकरी देकर आपके सामने खड़ा हूं। हरियाणा में बेरोजगारी इतनी है कि जब युवा रोजगार मांगते हैं तो बीजेपी वाले आपके बच्चों को कह रहे हैं कि युक्रेन और रूस चले जाओ। इसलिए इस बार इनको उखाड़ कर फेंक दो।





### आम आदमी पार्टी को दिल से चाहती है पूरे हरियाणा की जनता : हरपाल भट्टी

उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 78 साल हो गए लेकिन आज तक गांवों की समस्याएं दूर नहीं हुई। मोदी जी कहते थे डबल इंजन की सरकार चाहिए। हरियाणा में भी डबल इंजन की सरकार बन गई थी फिर बीच में एक इंजन खराब हो गया। खट्?टर साहब को हटाकर एक और इंजन ले आए। किसी भी देश और प्रदेश को डबल इंजन की नहीं नए इंजन की जरूरत है। इसलिए अब इनकी बातों में नहीं आना है। जब दिल्ली और पंजाब में सरकारी स्कूल बन सकते हैं तो हरियाणा में क्यों नहीं। दिल्ली और पंजाब में 90% घरों के बिजली बिल जीरो आते हैं। हरियाणा में इंडस्ट्रियों को 10 रुपए प्रति यूनिट बिजली मिल रही है और पंजाब में साढ़े 5 रुपए दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पानीपत में चारों तरफ टोल टैक्स देना पड़ता है। वहीं आम आदमी पार्टी ने पंजाब में 16 टोल प्लाजे बंद किए हैं। पंजाब के लोगों का एक दिन का 61 लाख रुपए बचता है। नियत साफ हो तो सबकुछ हो सकता है। हरियाणा के लोगों ने सभी पार्टियों को मौका देकर देख लिया और पंजाब के लोगों ने भी सभी पार्टियों को कई कई मौके देकर देखे। लेकिन कुछ नहीं बदला। इन्होंने अपने घर भर लिए, इन्होंने अपने रिश्तेदारों के अलावा जनता के बारे में कभी नहीं सोचा। लगभग ढाई साल पहले पंजाब के लोगों ने इनके रिश्तेदारों को सब को हरा दिया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल भी हरियाणा के गांव सिवानी में पैदा हुए। उन्होंने अफसरी को लात मारकर जनता की सेवा में उतर आए और पूरे देश का राजनीति करनी सीखाई। आज पूरी दुनिया में अरविंद केजरीवाल के नाम की धूम है। इन्होंने झूठे केस में अंदर डाला है, संजय सिंह और मनीष सिसोदिया बाहर आ गए अब अरविंद केजरीवाल बहुत जल्द बाहर आएंगे। अरविंद केजरीवाल कोई व्यक्ति नहीं बल्कि अरविंद केजरीवराल एक सोच है। ये अरविंद केजरीवाल को तो अंदर कर देंगे लेकिन उसकी सोच को कैसे गिरफ्तार करोगे। बीजेपी चुनाव के लिए जितनी मर्जी तारीख बढ़वा ले इस बार इनका सूपड़ा साफ होगा।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकारी स्कूल बंद कर रही है और आम आदमी पार्टी सरकारी स्कूल खोल रही है। इसलिए इनसे कोई उम्मीद मत रखो कि ये जनता के लिए कुछ कर देंगे। यदि इन्होंने कुछ किया होता तो हमें राजनीति में आने की जरूरत नहीं पड़ती। पंजाब में 28, 30 साल के लड़के लड़किया विधायक मंत्री बने हुए हैं। उन्होंने प्रकाश सिंह बादल, सुखबीर बादल, मनप्रीत बादल, मजीठिया, नवजात सिंह सिद्धु और कैप्टन अमरिंदर सिंह सब को हरा दिया। लोग इनको मौका देते देते थक गए हैं लेकिन ये मौका मांगते मांगते नहीं थके। अरविंद केजरीवाल वो नेता है जो 2020 में चुनाव से पहले टीवी पर आकर कहता है कि दिल्ली वालो यदि मेरे काम अच्छे लगे तो मुझे वोट देना नहीं तो मत देना। ये कहने के लिए जिगरा चाहिए। उन्होंने कहा कि ये पंजाब में कहते रहे आम आदमी पार्टी को वोट मत देना वो नए इनके पास तजुर्बा नहीं है। मैंने कहा हम नए हैं कुछ नया करेंगे लोग दुखी तजुबेर्कारों से हैं। हमारे पास, स्कूल और अस्पताल बनाने और बिजली व पानी मुफ्त देने का तजुर्बा है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य पर जो काम किया उसकी दुनियाभर में धूम है। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है, इस बार हरियाणा में सरकार बना दो पूरे देश में तुम्हारी चलने लग जाएगी।

उन्होंने कहा कि पैसे कमाने होते तो मैं कितने ही कमा लेता। लेकिन, हमारे गुरुओं ने लोगों के हक के लिए खड़े होने की शिक्षा दी है। हर चीज पैसे के लिए नहीं होती, अगर गुरुनानक देव जी दुकान खोल लेते तो सच्ची गुरुबाणी कौन लिखता और सज्जन ठग को कौन सुधारता। हलाल और हराम की रोटियां में फर्क कौन करता। हर काम पैसे के लिए नहीं होती लोगों के हक में खड़े होने का नजारा ही अलग होता है। जब देश आजाद हुआ तो लाखों लोग मारे गए थे, हमें ये आजादी बहुत महंगी पड़ी है।

# जिला मुख्यालय से प्रखंड स्तर तक स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा शत-प्रतिशत दवाओं का उठाव हुआ शुरू

- सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सूची के अनुरूप दवा उपलब्ध कराने के लिए विभाग संकल्पित
- सिविल सर्जन और डीपीएम कर रहे प्रतिदिन मॉनिटरिंग




**सारण, छपरा।** जिले में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और ससमय स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से संकल्पित है। इसके लिए मरीजों को उपचार के साथ-साथ हर तरह की दवा उपलब्ध करायी जा रही है। विगत दिनों यह बात समाने आयी थी कि ज्यादातर प्रखंडों में स्वास्थ्य संस्थानों के द्वारा भंडार में उपलब्ध शत-प्रतिशत दवाओं का उठाव नहीं किया जा रहा है।

सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा और जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार के आदेश के बाद अधिकतर प्रखंड के स्वास्थ्य संस्थानों के द्वारा सूची में शामिल शत-प्रतिशत दवाओं का उठाव शुरू कर दिया गया है। बहुत जल्द सभी प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों में सभी प्रकार के दवा की आपूर्ति और उपलब्धता सुनिश्चित हो जायेगी। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, फर्मासिस्ट और भंडारपाल को निर्देश दिया गया है कि स्वास्थ्य संस्थानों में शत-प्रतिशत दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें या जो दवा उपलब्ध नहीं है उसे भंडार से उठाव कर लें। ताकि मरीजों को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो।

**>> बाहर की दवा नहीं लिखेंगे डॉक्टर: डीएम**

सारण जिलाधिकारी अमन समीर ने निर्देश दिया है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध दवा को ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर मरीजों को लिखेंगे। किसी भी हाल में बाहर की दवा नहीं लिखना है। डीएम ने आदेश दिया है कि स्वास्थ्य संस्थानों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें और ससमय भंडार से दवा का उठाव करें। ताकि किसी मरीज को बाहर से दवा नहीं खरीदना पड़े। सभी चिकित्सकों को निर्देश दिया गया है कि अस्पताल में मौजूद दवाओं को ही लिखा जाए। वैसे अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवा मौजूद है। सरकार मरीजों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है और इस दिशा में काम किया जा रहा है।

**सिविल सर्जन और डीपीएम प्रतिदिन कर रहें है निगरानी:**

जिले में सदर अस्पताल से लेकर सभी स्वास्थ्य संस्थानों में कौन सी दवा उपलब्ध है कौन सी दवा नहीं है। इसकी निगरानी सिविल सर्जन और डीपीएम के स्तर से किया जा रहा है। पोर्टल पर प्रतिदिन दवा की उपलब्धता की रिपोर्ट अपलोड की जाती है। जिससे वास्तिक स्थिति की जानकारी मिलती है। पोर्टल के माध्यम से जिला स्तर से दवाओं की आपूर्ति और उपलब्धता की निगरानी की जा रही है। यह प्रणाली दवाओं की मांग और आपूर्ति की नियमित निगरानी सुनिश्चित करती है, जिससे किसी भी दवा की कमी को त्वरित रूप से पहचानकर उसे पूरा किया जा सके।

**>> स्वास्थ्य सेवा पर मरीजों का विश्वास भी बढ़ेगा:**

सीएचसी-पीएचसी के आउटडोर व इनडोर में 309 प्रकार की दवाएं जबकि अनुमंडलीय अस्पताल में 312 तरह की दवाएं राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से उपलब्ध कराई जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की सही मात्रा और गुणवत्ता उपलब्ध हो। इसके लिए दवाओं की नियमित आपूर्ति, स्टॉक की निगरानी और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित व्यवस्था की गई है। विभाग ने दवाओं के प्रबंधन और वितरण की प्रक्रिया को और भी सशक्त बनाने के लिए कई सुधारात्मक उपाय किए हैं। इस पहल का उद्देश्य समुदाय के अंतिम पंक्ति के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। विभाग का मानना है कि यदि मरीजों को समय पर दवा उपलब्ध होगी, तो इससे न केवल उनकी स्वास्थ्य स्थिति में सुधार होगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवा पर उनका विश्वास भी बढ़ेगा।

# अतिक्रमण हटाया गया, मची अफरा-तफरी

**महेश्वरी देवी मंदिर से छावनी चौराहा तक अतिक्रमण हटाया, दी गई चेतावनी**



■ बांदा

गणेश महोत्सव शुभारंभ के एक दिन पहले शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला ने टीम के साथ अतिक्रमण हटाया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। तमाम दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर भाग गए जबकि तमाम फुटपाथिया दुकानदार अपना सामान समेटकर भाग निकले। चेतावनी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो सख्त कार्रवाई करते हुए जुर्माना किया जाएगा। आए दिन राहगीरों को जाम की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही बाजार में दुकानदार सड़क को घेर कर सामान रखते हैं। बाजार में आने वालों को चलने के लिए जगह ही नहीं बचती है। जिसको लेकर लोगो द्वारा काफी दिनों से शिकायते आ रही थी जिसको लेकर नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला नें माहेश्वरी देवी चौक से लेकर सब्जी मंडी होते हुए छावनी एरिये तक अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की।बता दें नगर मजिस्ट्रेट व उनकी टीम को देखकर सड़क किनारे कब्जा किए दुकानदार सामान समेट कर भागने लगे। दुकान के बाहर टिन डालकर कब्जा करने वालों ने खुद ही सामान समेटना शुरू कर दिया। टीम ने दुकानदारों ने नालों के ऊपर कब्जा कर समान रखे हुए थे जिसे तुरंत हटवाया गया। सड़क पर फल आदि की दुकान लगाए हुए ठेले वालों में अफरा-तफरी का माहौल रहा। नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला नें आक्रमण किए हुए लोगों को सख्त हिदायत देते हुए बोले की अगली बार नहीं माने तो 05 हजार का जुर्माना भी किया जाएगा। उन्होंने कहा की अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट स्टेनो अखिलेश कुमार, शहर कोतवाली की पुलिस अधिकारी, नागर पालिका खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हेमंत प्रसाद सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# आरोप: दबंग ने बिजली कटौती से नाराज होकर सबस्टेशन कर्मचारी पर तानी रिवाल्वर

**बिजली कर्मचारियों ने कार्रवाई को लेकर विद्युत उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

■ महोबा

विद्युत सबस्टेशन कीरत सागर में तैनात एक एसएसओ को बिजली न आने पर दबंग ने जमकर हड़काया साथ ही बिजली चालू न करने पर गाली गलौज शुरु कर दी इससे ड्यूटी पर तैनात एसएसओ से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दबंग ने लाइसेंसी रिवाल्वर निकालकर एसएसओ पर तान दी जिससे उसके हाथ पाव फूल गए। दबंग ह?काता हुआ जान से मारने की धमकी देते हुआ चला गया। घटना की सूचना सब स्टेशन में तैनात एसएसओ ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने कोतवाली में लिखित तहरीर दिए जाने की बात कही। शुक्रवार को सुबह बिजली विभाग के अवर अभियंता के नेतृत्व में पावर स्टेशन पर तैनात आपरेटरों ने उपखण्ड अधिकारी विद्युत विभाग को ज्ञापन सौंपा।



*अधिकारी को ज्ञापन सौंपते बिजली कर्मचारी व अन्य।*

उपखण्ड अधिकारी बिजली विभाग को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि विद्युत सबस्टेशन में एसएसओ के पद पर तैनात रिटायर्ड फौजी रवि अरजरिया ड्यूटी पर तैनात था, तभी रात में करीब साढ़े नौ बजे शहर के एक दबंग व्यक्ति लाइसेंसी रिवाल्वर लेकर सब स्टेशन पहुंचा और बिजली न आने पर रिटायर्ड फौजी को हड़काने लगा और बिजली चालू करने के लिए दबाव बनाने लगा जिस पर फौजी ने काम चलने के कारण शटडाउन लिए जाने की बात कही, लेकिन दबंग ने एक नहीं सुनी और गाली गलौज करने लगा। इसी बात को लेकर फौजी और दबंग के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर गुस्से में दबंग ने लाइसेंसी रिवाल्वर फौजी के ऊपर तान दिया। इस घटना से नाराज सभी बिजली स्टेशनों पर तैनात आपरेटरों ने काम न करने की धमकी दे डाली और विद्युत विभाग के उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। उपखण्ड अधिकारी के निर्देश पर बिजली विभाग के अवर अभियंता के नेतृत्व में कोतवाली में तहरीर दी गई। कर्मचारियों पर की जा रही दादागिरी से नाराज भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने चेतावनी दी कि यदि दबंग के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो किसान यूनियन आंदोलन करेगा। ज्ञापन देने वालों में रवि अरजरिया, रामेश पाल, रामजीत, शिवेंद्र कुमार, उमेश पाल, वीरबल, मनोज तिवारी, सुनील कुमार सहित तमाम बिजली कर्मचारी शामिल रहे।

## उन्मादी नारेबाजी पर कार्रवाई करेगा प्रशासन



**पनवाड़ी।** प्रशासन ने गणेश विसर्जन यात्रा और बारावफात जुलूस के दौरान उन्मादी नारेबाजी न किए जाने की अपील की है। साथ ही फलस्तीन, पाकिस्तान या बांग्लादेश जैसे देशों के झंडों को जलूस में फहराए जाने की मनाही होगी। स्थानीय कोतवाली परिसर में शुक्रवार शाम आयोजित पीस कमेटी बैठक में कोतवाली प्रभारी मनीष कुमार पांडे ने इस आशय की जानकारी दी। बताया कि पर्वों पर निकाले जाने वाले जुलूसों की वीडियोग्राफी होगी। इसके बाद भी शरारती तत्वों द्वारा सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश होगी तो प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। देश भर में सबसे ज्यादा धूमधाम से मनाया जाने वाला गणेश उत्सव आगामी सात सितंबर से आरंभ हो रहा है। इस दौरान हिंदू मताबलंबी जगह जगह पंडालों में लंबोदर भगवान की मूर्तियों की प्रतिष्ठा करेंगे। 11 दिन चलने वाले इस त्योहार में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आखरी दिन जुलूस की शक्ल में विसर्जन यात्रा संपन्न होती है। इसी तरह इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मोहम्मद साहब की जयंती पर मुसलमानों द्वारा दो दिन जूलूस निकाले जाने की परंपरा है। इस वर्ष यह जुलूस 15 और 16 सितंबर की तारीख को संपन्न होंगे। गणेश विसर्जन जुलूस की तारीख भी इसी पर्व के आसपास होने से प्रशासन अलर्ट है। दोनों ही त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा कायम रहे इसे लेकर शुक्रवार शाम स्थानीय कोतवाली में बैठक आयोजित हुई। जिसमें दोनों समुदायों के लोगों ने हिस्सेदारी कर त्योहारी तैयारियों की जानकारी साझा की।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यायालय ने खारिज कर दी जमानत अर्जी

**बांदा।** गैर इरादतन हत्या के मामले में पति की जमानत अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. बब्बू सारंग की अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी। इसके पूर्व इसी मामले में इसके भाई धर्मेंद्र की जमानत अर्जी 9 अगस्त को खारिज हो चुकी है। जिला शासकीय अधिवक्ता विजयबहादुर सिंह परिहार, व अपर शासकीय अधिवक्ता उमाशंकर पाल ने बताया कि चित्रकूट जनपद के कर्वी थाना क्षेत्र के तरौंहापुरवा निवासी पवन कुमार ने अपनी बहन कोमल की शादी 16 फरवरी 2006 को जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा पुत्र मिस्त्रीलाल निवासी ओरन थाना बिसंडा के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद पति जितेंद्र कुमार द्वारा उसकी बहन कोमल से झग?ाफसाद शुरू कर दिया। इस पर उसने बहन के भरणपोषण का मुकदमा कर्वी चित्रकूट न्यायालय में दायर किया। मुकदमे में फैसला होने के पूर्व हर्जाखर्चा न देना प? जितेंद्र ने न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर कहा कि मैं अपनी पत्नी कोमल को कभी प्रता?ित नहीं करुंगा और वह अपने गांव लिवा ले गया। 1 अप्रैल 2024 को लगभग 9 बजे शाम को जितेंद्र ने उसकी बहन कोमल को ओरन स्थित मकान की दूसरी मंजिल से नीचे फेंक कर हत्या कर दिया। जिसकी मृत्यु अस्पताल में हो गयी। उसने ससुर मिस्त्रीलाल, पति जितेंद्र, सास बटुवा, देवर बब्बन व धर्मेंद्र, धर्मेंद्र की पत्नी चुनकी के खिलाफ 2 अप्रैल 2024 को बिसंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी। इस मामले में जितेंद्र कुमार की जमानत अर्जी खारिज कर दी गई।

### डिप्थीरिया की चपेट में आई बालिका की मौत, दो और चपेट में

**बांदा।** वायरल, खांसी, जुकाम और दिमागी बुखार के बाद अब डिप्थीरिया ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। पौहार गांव के मजरा देवखेर में डिप्थीरिया से पीड़ित एक बालिका की मौत हो जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग के कान खड़े हो गए। आनन-फानन में स्वास्थ्य विभाग की टीम शुक्रवार को देवखेर गांव पहुंची और गांव का सर्वे किया। सर्वे के दौरान एक बालिका और एक किशोरी डिप्थीरिया से पीड़ित पाई गईं। उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आधा सैकड़ा घरों का सर्वे करने के बाद 60 लोगों को दवा का वितरण किया है। पौहार गांव के मजरा देवखेर गांव में डिप्थीरिया की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम सर्वे करने गांव पहुंची जिसमे तीन लोग डिप्थीरिया से ग्रसित पाए गए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक डॉ विपिन शर्मा ने बताया कि गांव में डिप्थीरिया की सूचना मिलने पर दो सप्ताह पूर्व टीम सर्वे के लिए गांव गई जहा पर मुस्कान 10वर्ष पुत्री राजू का सैंपल लेकर जांच कराई गई जों ग्रसित पाए गई जिसको मेडिकल कालेज बांदा में भर्ती कराया गया हालत गंभीर होने पर कानपुर रिफर कर दिया गया जिसकी रास्ते में मौत हो गई । अधिक्षक ने बताया यह परिवार ललितपुर में रहता है घर बनवाने के लिए अपने गांव आए थे यही से मुस्कान अपनी नानी के यहां चित्रकूट चली गई वहां से आने के बाद इसमें डिप्थीरिया के लक्षण पाए गए। शुक्रवार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सर्वे करने के दौरान अनुराधा 05 वर्ष पुत्री चुनवाद वा सुधिया 17 वर्ष पुत्री मुन्नीलाल भी डिप्थीरिया से ग्रसित पाए गए जिनको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है 50 घरों का सर्वे किया गया तथा 60 लोगो को दवा का वितरण किया गया। सर्वे के दौरान स्वस्थ्य टीम में डॉक्टर विजय केसरवानी, डॉक्टर वर्षा नायर, डॉक्टर ज्योत्सना पांडेय , डॉक्टर सुधा यादव, पंकज नामदेव ऑप्टोमेट्रिस्ट, अवध नरेश स्टाफ नर्स, भीष्म नारायण गिरी, माया मिश्रा (एएनएम), सुनील कुमार (वार्ड ब्याय) सहित आशा शामिल रही।

### उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह एवं जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग को लेकर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज ने जगत गुरु रामभद्राचार्य राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि जो छात्र अष्टावक्र सभागार हाल में रहेंगे उनकी सूची भी बनाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पानी की भी व्यवस्था करें। कहा कि वीआईपी एंट्री के लिए अलग से प्रवेश द्वार बनाएं एवं हाल में वीआईपी के लिए अलग से बैरिकेडिंग भी कराए। कहा कि तालाब मी 5/6 नाव लगाकर सफ़ाई कराए जिस रास्ते से महामहिम को आना है उसको सही कराए उन्होंने यह भी कहा कि हाल के अंदर सभी लाइट एवं एसी एक साथ 6 घंटे तक चलाएं जिससे कि कोई समस्या हो तो पहले ही पता लग जाए।

# ऑल इंडिया अंजुमने तबलगे के इमाम हुसैन की जानिब से जलील हुसैन हाउस पर मजलिस हुई

**प्रकाश नाथ**



**मुजफ्फरपुर।** ऑल इंडिया अंजुमने तबलगे के इमाम हुसैन की जानिब से जलील हुसैन हाउस पर मजलिस हुई जिस मजलिस को मौलाना सैयद वफादार हुसैन साहब नकवी मुजफ्फरनगर मौलाना सैयद निहाल हैदर साहब गोपालपुरी मौलाना वकार अहमद साहब गोपालपुरी मजलिस को बयान फरमाते हुए कहा खुदा ने एक काम 124000 अंबिया को भेजो सबके सरदार रसूल इस्लाम को बना करें दुनिया में भेजो रसूल इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने कर्बला के मैदान में अपने साथ 72 की कुबार्नी को पेश किया याजीद इस्लाम को मिटाना चाहता था इमामे हुसैन अलैहिस सलाम कर्बला के मैदान में अपने भाई अब्बास की कुबार्नी को पेश किया अपने बेटे हजरत अली अकबर हजरत अली असगर के कुबार्नी को पेश किया इमामे हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत के बाद सिया आंधियां चलने लगी जमीन को जलजला आ गया आसमान से खून की बारिश होने लगी हुसैन कत्ल कर दिए गए हुसैन शहीद कर दिए गए आज पूरी कायनात में हर मजहब मिल्लत के मानने वाले हजरत इमामे हुसैन का गम मानते हैं और उन्हें याद करते उन्हें कयामत तक याद किया जाएगा पेशखानी सैयद अकील हैदर शहंशाह ने किया मजलिस के बाद सरकार वफा हजरत अबुल फजलील अब्बास अलैहिस्सलाम का आलम मुबारक बरामद किया गया दुनिया के मशहूर नोहा खान खुर्शीद असरी साहब असर असरी बिजनौर अंजुमन ए हुसैनिया पटना अंजुमन अलमदार हुसैनी दरभंगा अंजुमन जफरिया कमरा चंदवारा अंजुमन करवाने के साथ ब्रह्मपुरा नोहा मातम पेश किया जुलूस को कर्बला तक पहुंचाया गया अंजुमन के सदर अली अब्बास आबदी ने आने वाले तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया अंजुमन के संस्थापक रहे सैयद जलील हुसैन और आलिया बेगम के नाम सूरह फातिहा पढ़ाया गया।

## गणपति महोत्सव आज से

**बांदा।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालु लाए दर्जनों की संख्या में गणपति की प्रतिमाएं लाए। पूरा दिन गणपति बप्पा मोरया का उद्घोष गुंजायमान होता रहा। शहर में तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। इसके लिए पंडातल तैयार किए जा रहे हैं। शनिवार को गणपति प्रतिमाओं का विधिवत पूजन-अर्चन के बाद स्थापना की जाएगी। इधर, पुलिस प्रशासन भी गणपति महोत्सव को ध्यान में रखते हुए पीस कमेटी की बैठक करते हुए सख्त हिदायत दी है कि अराजकता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर के अलीगंज स्थित गणेश भवन में नूतन बाल समाज की ओर से गणेश महोत्सव के दौरान विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसके लिए भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गौरतलब हो कि महाराणा प्रताप चौक, कालूकुआं, छोटी बाजार के अलावा शहर के अन्य स्थानों पर भी अबकी बार भी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। नरैनी कसबे में भी कई स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं के स्थापित किए जाने की खबर है।

# गैंगरेप पीड़िता के पक्ष मे उतरी भीम आर्मी, प्रदर्शन कर एसपी को सौपा ज्ञापन




*एसपी से शिकायत करने जाते भीम आर्मी पदाधिकारी*

■ चित्रकूट

यौन शोषण की शिकार महिला को न्याय दिलाने के लिए भीम आर्मी आगे आई है। आर्मी के जिला संयोजक ने शुक्रवार को पीड़िता के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने बताया कि राजापुर के सिद्ध विनायक अस्पताल के चिकित्सक डा0 अनिल कुमार जायसवाल समेत अन्य लोगों द्वारा पीड़िता का यौन शोषण किया गया था। जिसकी रिपोर्ट राजापुर थाने में दर्ज कराई जा चुकी है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही आरोपियों द्वारा पीड़िता पर जबरन सुलह समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। साथ ही सुलह समझौता न होने पर पीड़िता समेत पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। गम्भीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई कार्यवाही न होने पर सभी आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। साथ ही पीड़िता और उसके परिवार को खतरे की आशंका है। ऐसे में तत्काल प्रभाव से वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी कराई जाए। साथ ही पीड़िता एवं उसके परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा इस मामले के मुख्य आरोपी चिकित्सक द्वारा संचालित सिद्ध विनायक अस्पताल को सील कराकर जांच कराई जाए। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में न्यायोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

इस मौके पर भीम आर्मी जिला संयोजक संजय कुमार गौतम आजाद पार्टी जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, भीम आर्मी जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति, कोमल सूर्यवंशी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस के हांथ नही लगे आरोपी, अब भी दे रहे धमकी

**चित्रकूट।** नशे का इंजेक्शन देकर महिला से कथित रूप से गैगरेप करने वाले डा0 अनिल जायसवाल मामले मे नया मोड आ गया है। बहुचर्चित इस मामले मे पुलिस ने गंभीर धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत किया है। सिद्व विनायक अस्पताल मे छापा भी मारा है लेकिन अभी तक न तो डाक्टर जायसवाल की गिरफ्तारी हुई और न ही अन्य लोगो की। राजापुर पुलिस ने इस मामले मे धारा 376, 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसमे डा0 अनिल कुमार जायसवाल का नाम शामिल है। रिष्तेदार दो अज्ञात भी षामिल है। भीम आर्मी के साथ आई पीडिता ने आरोप लगाया कि राजापुर पुलिस आरोपियो को पकडने मे हीलाहवाली कर रही है। जबकि आरोपी डाक्टर और अन्य राजापुर मे ही मौजूद बताये जाते है। लगातार उसके सशस्त्र गुंडे घर मे जाकर जान से मारने की धमकी दे रहे है। उधर प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि उन्होने अस्पताल मे छापा मारा था लेकिन कोई मिला नही। लिहाजा धरपकडु जारी है।

**आम सूचना**

मेरी वर्ष 2023 इण्टरमीडिएट संस्थागत अनुक्रमांक-2236222169 का अंक-पत्र सह प्रमाण-पत्र कहीं खो गया है। काफी देखने के बाद भी नहीं मिला है।

**देव साहू पुत्र विनोद साहू**
**निवासी: 199, अंदर उन्नाव गेट, झांसी**



शुक्रवार को नई दिल्ली में गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण करते हुए मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के प्रमुख रक्षा बल जनरल इब्राहिम हिल्मी।

# 2005 से पहले और उसके बाद का बिहार अमावस्या और पूर्णिमा की तरह

● पटना,



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार की पूर्ववर्ती कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार पर जमकर हमला बोला वहीं मौजूदा नीतीश सरकार की प्रशंसा करते हुए आज कहा कि राज्य की वर्ष 1990 से 2005 तक और उसके बाद से अबतक की विकास यात्रा अमावस्या और पूर्णिमा की तरह है।

नड्डा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) परिसर में 188 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित क्षेत्रीय चक्षु संस्थान और स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 850 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 1990 से 2005 और उसके बाद से अब तक की यात्रा कैसी रही है, इसको याद करेंगे तो अमावस्या और पूर्णिमा के बीच का अंतर पता चल जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 1980 और 1990 के दशक में पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) की क्या हालत थी, यह सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनी तो पीएमसीएच की हालत सुधारी। आज पीएमसीएच 5462 बेड का दुनिया का दूसरा बड़ा अस्पताल बन रहा है। नड्डा ने कहा कि आईजीआईएमएस में क्षेत्रीय चक्षु संस्थान के उद्घाटन का सौभाग्य मिला।

# कार्यकारिणी बनाना नहीं होता आसान : कमलनाथ



**भोपाल:** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी की प्रदेश इकाई की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी को लेकर आज कहा कि कार्यकारिणी बनाने की प्रक्रिया चल रही है और इसे बनाना आसान नहीं होता। कमलनाथ शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के पिता के निधन के बाद उनके भोपाल लौटने पर डॉ यादव से मुलाकात के लिए मुख्यमंत्री निवास पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान ये बात कही। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी बन रही है, कार्यकारिणी बनाना आसान काम नहीं होता। कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की अटकलों को लेकर कमलनाथ ने कहा कि वे पार्टी का काम कर रहे हैं, दिल्ली में रहें, भोपाल में रहें या हरियाणा में रहें, सिर्फ़ पार्टी के लिए काम करेंगे और सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहेंगे।

## सार संक्षेप

### आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' का नया पोस्टर रिलीज



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपनी आगामी फिल्म 'जिगरा' के नए पोस्टर के साथ टीजर रिलीज की तारीख की घोषणा की है। आलिया ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर जिगरा का नया पोस्टर साझा किया और बताया कि फिल्म का टीजर ट्रेलर 8 सितंबर को रिलीज़ होगा।उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया कि दम है सत्य में दम है! जिगरा का टीज़र ट्रेलर 8 सितंबर को रिलीज होगा। आलिया भट्ट ने 'जिगरा' का नया पोस्टर जारी कर एक बार फिर से दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है, पोस्टर में आलिया बेहद खूंखार लग रही हैं। फिल्म जिगरा पहले यह 27 सितंबर 2024 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब अब यह फिल्म 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। फरवरी 2024 में आलिया ने धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही फिल्म जिगरा की शूटिंग पूरी करने के बाद सेट से कुछ तस्वीरें साझा की थी।

### पीपुल्स कांफ्रेंस नेता सज्जाद लोन दो विस सीटों से चुनाव लड़ेंगे

**श्रीनगर:** पीपुल्स कॉन्फ्रेंस नेता सज्जाद लोन जम्मू-कश्मीर की दो सीटों हंदवाड़ा और कुपवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। पीपुल्स कांफ्रेंस ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए सात और उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की।
सूची के मुताबिक सज्जाद लोन हंदवाड़ा और कुपवाड़ा से, इमरान रजा अंसारी पट्टन से, अधिवक्ता बशीर अहमद डार त्रेहगाम से, इरफान पंडितपोरी लंगेट से, डॉ. नासिर अवान करनाह से और मुदासिर अकबर शाह लोलाब से उम्मीदवार बनाये गये हैं। अलगाववादी से मुख्यधारा के राजनेता बनें लोन ने 2014 के पिछले विधानसभा चुनाव में हंदवाड़ा से जीत हासिल की थी और बाद में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी)- भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) गठबंधन सरकार के दौरान मंत्री बने थे। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में वह जेल में बंद निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख उर्फ इंजीनियर रशीद से चुनाव हार गये। पीपुल्स कांफ्रेंस ने गुरुवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया।

### फेडएक्स को 'एयरलाइन' के तौर पर मिली मान्यता

**नई दिल्ली:** फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन इन इंडिया को भारतीय सीमा शुल्क के ऑथोराइज़्ड इकोनॉमिक ऑपरेटर (एईओ) प्रोग्राम के तहत लॉजिस्टिक्स ऑपरेटर कैटेगरी में एक 'एयरलाइन' के तौर पर मान्यता मिली है। कंपनी ने जारी बयान में कहा कि फेडएक्स यह मान्यता पाने वाली भारत की इकलौती एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता है। मई 2023 में फेडएक्स को फेडएक्स टीएससीएस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के लिये 'कुरियर, कस्टोडियन, कस्टम्स ब्रोकर एण्ड लॉजिस्टिक्स प्रोवाइडर' के लिए एईओ प्रमाणन मिला था।

# चीन में सुपर तूफान 'यागी' का कहर

## हैनान प्रांत से 4 लाख लोगों ने छोड़ा घर , 250 किमी/घंटा की रफ्तार से चल रही हवाएं

### साउथ चाइना सी से उठा सुपर तूफान यागी चीन के दक्षिणी तट से टकरा गया

● नई दिल्ली, एजेंसी



**साउथ** चाइना सी से उठा सुपर तूफान यागी चीन के दक्षिणी तट से टकरा गया है। तूफान ने चीन के हैनान प्रांत में दस्तक दी है। इसकी वजह से हैनान के 4 लाख लोगों को अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है।

तूफान यागी भारतीय समयानुसार दोपहर दो बजे हैनान के वेनचांग शहर से टकराया। सुपर तूफान की वजह से 250 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। यागी इस साल दुनिया का दूसरा सबसे शक्तिशाली तूफान है। इसकी वजह से हैनान में स्कूलों और कॉलेजों को बंद कर दिया गया। इसके अलावा रेल और बोट सेवाएं भी रोक दी गई हैं। प्रभावित इलाकों में सभी पार्कों को बंद कर दिया गया है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक तूफान के आने से पहले ही 4,19,367 लोगों को प्रभावित इलाकों से हटा लिया गया था। इससे पहले इसी हफ्ते यागी की वजह से फिलीपींस में 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद इस तूफान ने और अधिक रफ्तार पकड़ ली थी। यागी तूफान हैनान और ग्वांगडोंग प्रांत से होते हुए बेइबू खाड़ी की तरफ बढ़ेगा।

उच्च स्तर की चेतावनी जारी की गई शक्तिशाली यागी तूफान की वजह से हैनान के समुद्री आपदा इमरजेंसी रिस्पोंस सिस्टम ने लेवल-1 की चेतावनी जारी की है। इमरजेंसी सिस्टम के 4 लेवल में से ये सबसे अधिक है। साथ ही मौसम विभाग ने ये अनुमान जताया है कि हैनान के उत्तरी तट पर शुक्रवार से शनिवार दोपहर तक 150-230 सेमी की तूफानी लहरें देखने को मिल सकती हैं।इसके अलावा मौसम विभाग ने तेज हवा के लिए ब्यूरोफोर्ट पैमाने पर 17 लेवल की चेतावनी जारी की है। जो इस पैमाने का सबसे आखिरी लेवल है। इसके साथ ही भारी बारिश की अलर्ट भी जारी किया गया है। दशक का सबसे बड़ा तूफान हो सकता है यागी मौसम विभाग का अनुमान है कि ये तूफान दशक का सबसे शक्तिशाली तूफान हो सकता है। ये जुलाई 2014 में आए सुपर तूफान रामासुन से थोड़ा ही कमजोर है, जिसने फिलीपींस, दक्षिणी चीन और वियतनाम में कहर बरपाया था।

# गायों को समय पर मिलेगा त्वरित और प्रभावी उपचार:भजनलाल

● शाहपुरा,



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गौमाता की देखभाल और उसका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी बताते हुए कहा है कि हमारी सरकार इस महती जिम्मेदारी को समझकर गाय के गौरव को लौटाने के लिए प्रतिबद्ध है और वह प्रदेश में गौवंश संरक्षण और गोपालकों की सहायता के लिए जरूरी कदम उठा रही है। श्री शर्मा शुक्रवार को शाहपुरा जिले के कोटड़ी में श्री सुरभि गौ-चिकित्सालय, गौ गृह एवं आईटीआई भवन के उद्घाटन और सामुदायिक भवन एवं किसान प्रशिक्षण सभागार के विस्तारीकरण के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गौमाता का सनातन संस्कृति में हमेशा से सर्वोच्च स्थान रहा है। गौ-वंश की अपार महिमा के चलते ही छोटे से लेकर बड़े अनुष्ठानों में गाय को पूजा जाता है। गाय को आर्थिक समृद्धि, कृषि और आयुर्वेद का आधार एवं पर्यावरण संरक्षक माना गया है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की देवनारायण गौशाला में आधुनिक गौ चिकित्सालय की कमी के चलते श्री सुरभि चिकित्सालय का शुभारंभ किया गया है। इस गौ चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होने से अब गौवंश का उपचार त्वरित और प्रभावी रूप से हो सकेगा। उन्होंने दानदाताओं-भामाशाहों का इस चिकित्सालय में व्यापक प्रबंधन के लिए आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से गोपालकों के लिए एक लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण, पंजीकृत गौशालाओं के अनुदान में 10 प्रतिशत वृद्धि, 100 गौशालाओं को रियायती दरों पर गौ काष्ठ मशीन उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न कार्य गौमाता के संवर्धन के लिए किए जा रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संकल्प पत्र तथा बजट में किए गए सभी वादों को धरातल पर उतारने के लिए लगातार काम कर रही है।

## बीजद सांसद सुजीत भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली:** बीजू जनता दल (बीजद)के राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया।
भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा के प्रभारी विजय पाल तोमर, वरिष्ठ सांसद भर्तृहरि महताब, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी की उपस्थिति में सुजीत कुमार ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।
ओडिशा के कालाहांडी के रहने वाले सुजीत कुमार ने इससे पहले राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। राजनीति में आने से पहले वह अमेरिका के हॉर्वर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के पश्चात संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में कार्य कर चुके हैं।

## टीबी के नए उपचार को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली:** केंद्रीय एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देश में टीबी के उपचार के लिए एक नयी छोटी और अधिक प्रभावी पद्धति शुरू करने को मंजूरी दी।
मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि चार दवाओं के संयोजन - बेडाक्विलाइन, प्रीटोमैनिड, लाइनज़ोलिड और मोक्सीफ्लोक्सासिन से युक्त - बीपीएएलएम पद्धति सुरक्षित, अधिक प्रभावी और त्वरित उपचार विकल्प साबित हुई है। वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले वर्ष 2025 तक देश को टीबी से मुक्त करने के दृष्टिकोण के तहत, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने अपने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत मल्टी-ड्रग-रेसिस्टेंट ट्यूबरकुलोसिस (एमडीआर-टीबी) के लिए एक नया उपचार - बीपीएएलएम पद्धति शुरू करने को मंजूरी दी है।

## बिसलपुर बांध लबालब, दो गेट खोले

**टोंक:** राजस्थान की राजधानी जयपुर सहित अन्य कुछ जिलों को पेयजल आपूर्ति करने वाले टोंक जिले में स्थित बिसलपुर बांध लबालब हो गया और शुक्रवार को उसके दो गेट खोलकर पानी की निकासी शुरु कर दी गई है।
जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने पूजा अर्चना के बाद पूर्वाह्न ग्यारह बजे इसके दो गेट खोले। बांध के दो गेट एक-एक मीटर तक खोलकर 12 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। बिसलपुर बांध का गेज 315 50 आरएल मीटर है और अभी इसका जल भराव 315 49 आर एल मीटर पहुंच गया। इसके बाद इसके दो गेट खोले गये हैं। इस दौरान जिला कलक्टर डा. सौम्या झा तथा बीसलपुर बांध परियोजना के अधीक्षण अभियंता वीरेंद्र सागर मौजूद थे।



शुक्रवार को भुवनेश्वर में ईएमसी पार्क इन्फोवैली में आरआईआर पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के भूमि पूजन समारोह के दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी

# 5 लाख के इनामी नक्सली दंपत्ति ने किया सरेंडर

● जगदलपुर,



**छत्तीसगढ** के नारायणपुर पुलिस के प्रयास व शासन की नीतियों से प्रभावित होकर प्रतिबंधित माओवादी संगठन के स्वयंभू टीम कमांडर व उसकी पत्नी ने शुक्रवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों पर पांच लाख का इनाम घोषित था।

बताया जाता है कि आत्मसमर्पण करने वाले कुतुल एरिया कमेटी अन्तर्गत सप्लाई टीम कमाण्डर के पद पर 13 वर्ष से कार्यरत नक्सली सोनवा उर्फ डोसेल सलाम एवं कोडलियार जनताना सरकार स्कूल विभाग सदस्या के पद पर नौ वर्ष से कार्यरत महिला नक्सली आरती सलाम दोनों (पति-पत्नि) के द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को शासन की नक्सल उन्मूलन नीति के तहत 25-25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया हैं। दोनों ने आरोप लगाया कि नक्सलियों द्वारा क्षेत्र के युवा-युवतियों को शासन-प्रशासन के विरूद्ध भड़का कर, जल- जंगल-जमीन के नाम से भोले-भाले आदिवासियों को बहकाकर एवं संगठन में नहीं जुडने़ पर गांव से भगाने की धमकी देकर जबरन संगठन में शामिल कर अपनी खोखली विचारधारा के साथ लोगों का शोषण किया जाता रहा है। नारायणपुर पुलिस ने माओवादी की खोखली विचारधारा से ग्रामीणों को मुक्त कराने तथा क्षेत्र में विकास कराने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया है।

# जेलों से उम्मीदवार खड़ा कर साजिश रच रही है भाजपाः उमर

● श्रीनगर,

**नेशनल** कांफ्रेंस उपाध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार आगामी विधानसभा चुनाव में जेलों से उम्मीदवार उतारकर उनके खिलाफ साजिश रच रही है।

**कहा कि मुझे अभी भी संदेह था और मुझे लगा कि यह संयोग हो सकता है। मैंने कुछ सहयोगियों से सलाह ली और उनसे कहा कि मैं यह साबित करना चाहता हूं कि यह मेरे खिलाफ दिल्ली की साजिश है।**

अब्दुल्ला ने शुक्रवार को गंदेरबल में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे पता था कि दिल्ली मुझे चुप कराने की कोशिश करेगी। लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि वे इस हद तक जायेंगे। बारामूला में जब एक व्यक्ति (अब्दुल राशिद शेख उर्फ इंजीनियर राशिद) मेरे खिलाफ खड़ा हुआ और जेल में रहते हुए अपना पर्चा दाखिल किया। उसने जेल से अपना संदेश रिकॉर्ड किया और भावनाओं के आधार पर वोट मांगे। उसने मुझे चुनाव में हरा दिया। उन्होंने कहा कि शुरुआत में उन्हें यह कोई चिंताजनक बात नहीं लगी। मैंने सोचा कि चूंकि यह व्यक्ति पहले भी चुनाव लड़ चुका है, इसलिए इस बार भी उसने अपनी किस्मत आजमायी और जीत गया। इसके अलावा मुझे इसमें कोई साजिश नहीं लगी। मुझे यह दिल्ली के एजेंडे का हिस्सा नहीं लगा। मुझे लगा कि यह सिर्फ मेरी बदकिस्मती थी कि वह जीत गया। उन्होंने आगे कहा कि जब मैंने गंदेरबल से विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया, तो खबरें आयी कि एक अन्य नागरिक (जेल में बंद मौलवी सरजान अहमद वागे उर्फ बरकती) उनके खिलाफ चुनाव लड़ेगा। मुझे आश्चर्य होने लगा कि इन लोगों को मेरे खिलाफ ही क्यों खड़ा किया जा रहा है। वे जेल से उन्हें मेरे खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए लाते हैं। क्या यह कोई साजिश है। अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि जब उन्हें जेल में गंदेरबल का कोई स्थानीय व्यक्ति नहीं मिला, तो वे जैनपोरा-शोपियां से एक (बरकती) को ले आये।



उन्होंने कहा कि मुझे अभी भी संदेह था और मुझे लगा कि यह संयोग हो सकता है। मैंने कुछ सहयोगियों से सलाह ली और उनसे कहा कि मैं यह साबित करना चाहता हूं कि यह मेरे खिलाफ दिल्ली की साजिश है। यही साबित करने के लिए, मैंने दूसरी सीट से लड़ने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इससे आप समझ सकते हैं कि जम्मू-कश्मीर में, खासकर कश्मीर में किसी अन्य राजनेता को निशाना नहीं बनाया जा रहा है। दिल्ली में बैठी भाजपा की सरकार केवल मुझे निशाना बना रही है, क्योंकि मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए बोलता हूं। जब मैं बोलता हूं, तो मैं आपकी भावनाओं के बारे में बात करता हूं। मैं लोगों की समस्याओं और हमारी खोई हुई गरिमा के बारे में बोलता हूं। जब मैं अपनी टोपी उतारता हूं, तो यह सिर्फ मेरी गरिमा नहीं होती - यह सभी की गरिमा होती है। अगर आपके सम्मान में कोई कमी आती है, तो मेरा सम्मान कैसे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि जब मैं दिल्ली से लड़ता हूं, तो मैं सिर्फ अपने या अपने परिवार के लिए नहीं लड़ता। आज हम जो लड़ाई लड़ रहे हैं, वह पूरे जम्मू-कश्मीर के लिए है।




दिल्ली आम आदमी पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम नई दिल्ली के राजीव भवन में एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

CMYK

# रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

पिछले लगभग तीन वर्ष से रूस एवं यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध के बीच भारत की महत्वपूर्ण भूमिका उभरी है। इसके पीछे दुनिया में भारत के बढ़ते वर्चस्व को कारण माना जा रहा है। विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा युद्ध के बीच दोनों देशों की यात्रा करने से सद्‌भाव की स्थिति बनी है।रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ शांति वार्ता को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि यूक्रेन के साथ रूस की संभावित शांति वार्ता में भारत, चीन और ब्राजील मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। पुतिन ने ईस्टर्न इकॉनोमिक फोरम में कहा कि हालांकि, हमारा प्रमुख उद्देश्य यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र को कब्जे में लेना है। रूसी सेना धीरे-धीरे कुर्स्क से यूक्रेनी सेना को पीछे खदेड़ रही है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में युद्धग्रस्त यूक्रेन और इससे पहले रूस का दौरा किया था। प्रधानमंत्री मोदी की यह दोनों यात्राएं काफी महत्वपूर्ण थीं और उन्होंने कहा था कि यह समय युद्ध का नहीं बल्कि शांति का है। रूस-यूक्रेन युद्ध पर विराम लगाने के लिए भारत मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। इसी बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि चीन, भारत और ब्राजील यूक्रेन पर संभावित शांति वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय रूस की यात्रा पर गए थे। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच पीएम मोदी की यह पहली रूस यात्रा थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि कहीं भी मासूम लोगों की जान की हानि स्वीकार्य नहीं है। प्रधानमंत्री ने रूस की धरती पर कहा था कि भावी पीढ़ी के भविष्य के लिए शांति बहुत जरूरी है। मैं यह भी जानता हूं कि युद्ध के मैदान में समाधान संभव नहीं है। हमें वार्ता से ही शांति का मार्ग अपनाना होगा। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी जब यूक्रेन की यात्रा पर गए थे तो राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शांति शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत के नाम का प्रस्तावित किया था। जेलेंस्की ने पीएम मोदी के समक्ष भी यह प्रस्ताव रखा था। जेलेंस्की ने कहा था कि वो चाहते हैं कि शांति शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत करे। दरअसल विदेश नीति के तहत भारत रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के मसले पर संतुलन बनाकर चल रहा है। हालांकि इस मुद्दे पर भारत के लिए तटस्थ नीति का पालन करना इतना आसान नहीं है। अब युद्ध को रोकने के नजरिए से विदेश मामलों के जानकार भारत की भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बता रहे हैं। रूस और यूक्रेन को लेकर भारत अनूठी स्थिति से गुजर रहा है। भारत का रिश्ता रूस-यूक्रेन के साथ ही पश्चिम के सारे देशों के साथ मित्र के रूप में रहा है और इस पहलू को ही विदेश मामलों के विशेषज्ञों को बेहद अहम मान रहे हैं। इसके पहले रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ, तब भारत ने यूक्रेन की मानवीय जरूरतों का समर्थन करने में तेजी दिखाई थी।ये भी सच्चाई है कि रूस से बेहतर रिश्तों की वजह से भारत ने संयुक्त राष्ट्र में मॉस्को की कार्रवाइयों की निंदा करने से परहेज किया। इसे भारत ने अपनी विदेश और रक्षा नीति के अनुकूल उठाया गया कदम बताया। हालांकि भारत ने ये बार-बार कहा है कि मॉस्को और कीव के बीच कूटनीति के जरिए इस समस्या का हल निकलना चाहिए। इस बीच मोदी की दोनों देशों की यात्रा से मध्यस्थता का रास्ता निकलता दिखाई दे रहा है।

संगठन पर्व से राष्ट्र निर्माण



शाहीन सबा

# विकसित भारत की संकल्प सिद्धि का अभियान

लोकतंत्र की भावना भारतीय जनता पार्टी संगठन की पंच निष्ठाओं में से एक है। यह भावना सिर्फ वैचारिक स्तर पर ही नहीं, अपितु पार्टी के आचरण और उसकी कार्यपद्धति में भी स्पष्ट दिखाई देती है। संगठन पर्व भाजपा का सदस्यता अभियान इसी लोकतांत्रिक कार्य पद्धति का महत्वपूर्ण अंग है, जिसके माध्यम से नए सदस्य भाजपा परिवार से जुड़ते हैं और विचार को विस्तार देते हैं। ऐसे ही विशिष्ट कार्यशैली वाले अभियानों के बल पर भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सदस्यता ग्रहण किए जाने के उपरांत देश में 2 सितंबर से संगठन पर्व प्रारंभ हो चुका है। हमारे पूर्वजों ने पार्टी संगठन तथा कार्यकर्ताओं को गढ़ने और तराशने के लिए जो त्याग और परिश्रम किया है, उसी के बल पर वर्तमान में मप्र के पार्टी संगठन को पूरे देश में आदर्श माना जाता है। प्रदेश के लाखों-लाख कार्यकर्ता अपनी इस पहचान को कायम रखते हुए संगठन पर्व में पार्टी के विस्तार को नई ऊंचाइयां प्रदान करने को तैयार हैं।

**पंचनिष्ठाओं पर आधारित हमारा विचार और आधार-** भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपने वैचारिक, दर्शन के रूप में अपनाया है तथा सुशासन, विकास एवं सुरक्षा भाजपा की प्राथमिकताएं हैं। पार्टी ने पांच प्रमुख सिद्धांतों के प्रति भी अपनी निष्ठा व्यक्त की है, जिन्हें 'पंचनिष्ठा' कहते हैं। यह पंचनिष्ठाएं राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सकारात्मक पंथ-निरपेक्षता, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति है। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जो वैचारिक प्रतिष्ठान और अधिष्ठान पर चलती है, और जो राष्ट्रवादी विचारों से जुड़ी है। हमें गर्व है कि हमारा दल देश का ऐसा एकमात्र राजनीतिक दल है, जिसने राष्ट्रहितों के साथ कभी समझौता नहीं किया, अन्य सभी दलों ने सत्ता प्राप्ति एवं स्वार्थ सिद्धि के लिए एक नहीं, अनेकों बार समझौता किया। भाजपा को छोड़कर आज भारत के सभी राजनैतिक दल विचारधारा की शून्यता के शिकार हैं। भाजपा राष्ट्र प्रथम के साथ शोषित, वंचित, पीड़ित का उत्थान और सेवा कर रही है।

**राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से अनेकानेक ऐतिहासिक निर्णय हुए-** हमारे विचार की संकल्प शक्ति की वजह से ही लगभग पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा



पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि 'आज का विरोधी कल हमारा मतदाता बने, कल का मतदाता परसों भाजपा का सदस्य बने और परसों का सदस्य हमारा सक्रिय कार्यकर्ता बने'। निश्चित ही भाजपा अपनी संकल्प शक्ति , निष्ठा और नियति से इस लक्ष्य को पूरा करेगी तथा हमारे सदस्य देश के भविष्य-निर्माण की प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाते हुए संकल्प सिद्धि की ओर अग्रसरता में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

के पश्चात आज अयोध्या में भव्य व दिव्य राम मंदिर के निर्माण का सपना वास्तविकता बना है। हमारे पार्टी के संस्थापकों एवं असंख्य कार्यकर्ताओं ने श्रीरामलला को अपने मंदिर में विराजमान देखने हेतु अपनी चुनी हुई सरकारें भी न्यौछावर कर दीं, यह अपने विचारधारा पर अडिग रहने का एक उदाहरण मात्र है। हमारे पितृपुरुष का संकल्प एवं एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे की पूर्ति स्वरूप अनुच्छेद 370 को हटाने ऐतिहासिक निर्णय हमारी ध्येय पूर्ति की यात्रा का और एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

**अंत्योदय का सपना साकार कर रही मोदी सरकार-** हमारी ध्येय यात्रा में पूर्ण बहुमत की सरकार आते ही तीन तलाक कानून, नागरिकता संशोधन कानून, आपराधिक न्यायिक कानूनों में बदलाव के साथ ही पंडित दीनदयाल जी के अंत्योदय पर आधारित गरीब-कल्याण की योजनाओं के द्वारा करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम भी हुआ है। कुछ प्रमुख आधारभूत कार्य हैं जो देश की पूर्ववर्ती सरकारों के 50 वर्षों के शासनकाल की प्राथमिकता होनी चाहिए थी, किन्तु वोट बैंक की राजनीति की वजह से किसी एक वर्ग विशेष की चिंता ही उनकी राजनीति की प्राथमिकता रही है। वे तुष्टीकरण करते रहे, हमने संतुष्टिकरण करने का ईमानदार प्रयास किया।

**विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उभरा भारत-** आज भारत ही नहीं पूरा विश्व देख रहा है कि एक राजनीतिक दल और उसका नेतृत्व किस प्रकार अपने उन संकल्पों को पूरा करने में सफल सिद्ध हुआ है, जिन्हें पूरा करना कभी असंभव सा लगता था। भाजपा सरकार में अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ विश्व में एक बड़ी ताकत बनकर उभरे भारत ने अपने पुराने स्वाभिमान और आत्मगौरव को भी वापस हासिल किया है। राष्ट्रीय संकट में जनकल्याण की कसौटी पर भी भारत ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाजपा के नेतृत्व ने एक अनूठा उदाहरण विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया है। कोरोना संकट में दुनिया के अनेक देशों ने जहाँ अपने नागरिकों को अपने हाल पर छोड़ दिया, वहीं भारत में भाजपा की मोदी सरकार ने अपने हर नागरिक के जीवन को अमूल्य मानते हुए उनके लिए अनाज के साथ दवाओं और अन्य वस्तुओं को उपलब्ध कराया।

**विकसित भारत हेतु सदस्यता अभियान-** लगभग 44 वर्षों की इस यात्रा में आज हमारी भाजपा भारतीय राजनीति के जिस शीर्ष पर पहुंची है, वो हमारी विचारधारा के प्रति एकनिष्ठ और समर्पित भाव से बढ़ते रहने के कारण ही संभव हुआ है। अपने 45 वें वर्ष में दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल ने चार दशक पूर्व जो सपने देखे, वह तो साकार हुए ही हैं, साथ ही स्वाधीनता के अमृत वर्ष में मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को अपना दिशा-सूत्र बना चुका है, जिसको पूरा करने का दारोमदार भी भारतीय जनता पार्टी के कोटि-कोटि कार्यकर्ताओं के कंधों पर है। देश की सेवा के लिए अधिकाधिक लोगों को आव्हान और प्रेरित करना भाजपा का संगठन पर्व है। भारतीय जनता पार्टी का यह संगठन पर्व केवल सदस्यता आंकड़ों को बढ़ाने और सत्ता सुख भोगने के लिए नहीं है, बल्कि जनता का दुख-दर्द दूर करने के साथ देश का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि 'आज का विरोधी कल हमारा मतदाता बने, कल का मतदाता परसों भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बने और परसों का सदस्य हमारा सक्रिय कार्यकर्ता बने÷। निश्चित ही भाजपा अपनी संकल्प शक्ति, निष्ठा और नियति से इस लक्ष्य को पूरा करेगी तथा हमारे सदस्य देश के भविष्य-निर्माण की प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाते हुए संकल्प सिद्धि की ओर अग्रसरता में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

संस्कृति



अथर्व पवार

# एकता व समरसता का प्रचारक 'गणेशोत्सव'

वीर विनायक दामोदर सावरकर एक ऐसे आशावादी ध्येयनिष्ठ चिंतक थे, जिन्हें प्रत्येक निमित्त में उद्देश्यपूर्ति की संभावनाएं दिखती थी। उन्होंने अपनी रचनात्मकता, नवाचार और दूरदृष्टि से जहां स्वाधीनता के संघर्ष में एक उत्प्रेरक के रूप में योगदान दिया तो वहीं सामाजिक सुधार और समरसता के क्षेत्र में उनके कार्य अतुलनीय हैं। जातिभेद, ऊंच-नीच, अस्पृश्यता के विरोध में उनके विचारों एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों ने हिन्दू समाज को एकत्व का बोध सिखाया। पिछड़ों और दलितों के साथ होते दुर्व्यवहार से वह सदैव रुष्ट होते थे और अछूत या दलित कहलाए जाने वाले वर्ग को हिन्दू समाज में अग्रिम पंथी में लाने और उनके हिन्दू समाज में घुलमिल जाने के लिए भरसक प्रयास करते थे। हिन्दू समाज में एकत्व को बढ़ावा देने और जाति के भेद को समाप्त करने के लिए सावरकर ने गणेशोत्सव को श्रेष्ठ सामाजिक गतिविधि बताया था। सितंबर 1935 में 'किर्लोस्कर' में प्रकाशित उनके निबंध में उन्होंने समरसता के क्षेत्र में गणेशोत्सव के माहात्म्य को विस्तृत रूप से वर्णित किया था।

सावरकर गणेशोत्सव को हिन्दू समाज के लिए अत्यंत उपकारक मानते थे तथा उन्हें इसमें अनेक सकारात्मक संभावनाएं दिखती थी। उनके लिए यह उत्सव राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने वाला कारक था। सावरकर के अनुसार गणपति एकता, बंधुत्व और संगठनात्मक गणशक्ति के प्रतीक हैं, जिनसे एकत्व का बोध होता है। उन्होंने लिखा है 'यह गणेशोत्सव राष्ट्रीय एकता की भावना भरकर हिंदुओं को एकप्राण, एकराष्ट्र बना सकता है।......गणेशोत्सव आरंभ से ही प्रवृत्ति परक है।



उसका स्वरूप सार्वजनिक है। उसका अधिष्ठाता देवता राष्ट्रीय है। गणों का जो पति(रक्षक), वह गणपति। वह देवता वैयक्तिक मूर्ति ना होकर गणशक्ति की, राष्ट्रीय जीवन की, हिन्दू संगठन की मूर्ति है। वीर सावरकर का विचार था कि इस उत्सव को एक निमित्त बनाकर हिन्दू समाज को एकसूत्र में बांधा जा सकता है और समाज को दूषित करने वाले जातिभेद को इस उत्सव के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है। सावरकर लिखते हैं, 'हिन्दू संगठन के समर्थकों को चाहिए कि पूर्वजों की पीढ़ियों से चल रहे और पूर्व से ही राष्ट्रीय स्वरूप प्राप्त गणपति उत्सव की महान संस्था का औजार हाथ में लेकर हिन्दू राष्ट्रबल-विघातक इस जातिभेद के उच्छेद के लिए उपाय करना चाहिए और इस राष्ट्रीय महोत्सव को अखिल हिन्दू महोत्सव बनाना चाहिए। जैसा कि ज्ञात हो चुका है कि सावरकर गणेशोत्सव को एक राष्ट्रीय उत्सव और गणपति को एक ऐसा राष्ट्रीय देवता मानते थे जिनके अर्चन में समस्त हिन्दू समाज एक छत्र के नीचे समान रूप से आ सकता है, उनका मानना था कि गणेशोत्सव के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार दिए जा सकते हैं और सभी को, जातिभेद की बेड़ियों के बंधन से मुक्त करके, एकसाथ जोड़कर एक राष्ट्र (विचार) बनाया जा सकता है। उन्होंने लिखा है, 'अतएव राष्ट्रीय महोत्सव (गणेशोत्सव) में स्पृश्य-अस्पृश्य, ब्राह्मण-अब्राह्मण, मराठा-महार, सबको समान अधिकार देकर एकराष्ट्र बनाना चाहिए। एक हिन्दू ध्वज के नीचे यह उत्सव होना चाहिए। हिन्दू संगठन का मुख्य कार्य (हिंदुओं का एकत्व) करने के लिए इस राष्ट्रीय उत्सव की प्राणप्रतिष्ठा हुई है। हिन्दू संगठन जाति-विरहित होकर ऐसे उत्सवों में ही पूर्ण रूप से व्यक्त हो सकेगा।... इनमें कोशिश करनी चाहिए कि मंडप में, सभाओं में स्पृश्य-अस्पृश्य एकसाथ बैठें। गणेशोत्सव के माध्यम से समरसता किस प्रकार बढ़ाई जाए, इस पर सावरकर ने एक रूपरेखा भी तैयार की थी व इसके लिए कुछ नियम भी बनाए थे। सावरकर के अनुसार नियम इस प्रकार थे-कार्यकारी मण्डल में जातिभेद समाप्त करने की चाह रखने वाले सदस्य भी होने चाहिए, उसी विचार से उत्सव मनाना चाहिए, इस उत्सव में समानता से समान नियमों से प्रवेश दिया जाएगा, यह ध्येय हो। गणेश मूर्ति को पालकी में रखते समय, स्थापना के समय, पालकी उठाते समय ब्राह्मण से लेकर दलित तक, सभी वर्गों के लोगों को मिलकर मूर्ति को हाथ लगाकर उठाना चाहिए और इसी तरह से छुआछूत का उच्छेदन करना चाहिए। मूर्ति की पूजा वेदोक्त होनी चाहिए। कम से कम दो बार भरी सभा में महादलित और पिछड़े वर्ग के बंधुओं द्वारा मूर्ति की पूजा करनी चाहिए। यदि संभव हो सके तो इन्हीं वर्गों के बंधुओं द्वारा गीता-गायत्री पाठ भी होना चाहिए।

**(लेखक पत्रकार हैं)**

देशांतर



प्रो. अंशू जोशी

# भारत की एक्ट ईस्ट नीति का स्तंभ सिंगापुर

इस सप्ताह, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देशों के साथ संबंधों को बढ़ाने के उद्देश्य से ब्रुनेई और सिंगापुर का दौरा किया। उल्लेखनीय रूप से, मोदी ब्रुनेई की द्विपक्षीय यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं, जहां उनका स्वागत सुल्तान के आधिकारिक निवास इस्ताना नूरुल ईमान में सुल्तान बोल्किया और उनके परिवार द्वारा गर्मजोशी से किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा को भारत और ब्रुनेई के बीच 40 साल के राजनयिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण अध्याय माना जा रहा है। ब्रुनेई भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और इंडो-पैसिफिक के लिए इसके व्यापक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, दोनों राष्ट्र समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक संबंध साझा करते हैं। अपनी ब्रुनेई यात्रा के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि भारत विकास में विश्वास करता है और किसी भी तरह के विस्तारवाद की निंदा करता है। उन्होंने रक्षा, व्यापार और निवेश, ऊर्जा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में ब्रुनेई के साथ मजबूत संबंधों के लिए अपनी उत्सुकता भी व्यक्त की। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के टेलीमेट्री ट्रैकिंग और टेलीकमांड (टीटीसी) स्टेशन की मेजबानी में अपने निरंतर समर्थन के लिए ब्रुनेई दारुस्सलाम के प्रति अपनी कृतज्ञता भी व्यक्त की, जिसने अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दोनों राष्ट्र संयुक्त अभ्यास के माध्यम से रक्षा और समुद्री सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी सहमत



हुए। भारत और ब्रुनेई ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नेविगेशन और ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुल्तान हसनल बोल्किया के बीच द्विपक्षीय चर्चा के बाद एक संयुक्त घोषणा में कहा गया। सिंगापुर के लिए प्रस्थान करने से पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रुनेई की अपनी यात्रा को 'उत्पादक' बताया तथा संकेत दिया कि यह 'भारत-ब्रुनेई संबंधों के और भी मजबूत नए युग' की शुरुआत है, जिसके बारे में उन्होंने आगे कहा कि यह वैश्विक भलाई और शांति में योगदान देगा। भारत-ब्रुनेई संबंधों को विशेष साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने के बाद, भारतीय प्रधानमंत्री दक्षिण-पूर्व एशिया में अपने दो-देशों के दौरे के दूसरे चरण के तहत सिंगापुर पहुंचे। उन्होंने सिंगापुर को भारत की एक्ट ईस्ट नीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताया, जिसकी शुरुआत दस साल पहले हुई थी। भारत और सिंगापुर के बीच 2015 से रणनीतिक साझेदारी है और कई वर्षों से सौहार्दपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं। न केवल भारत 1965 में सिंगापुर को एक स्वतंत्र देश के रूप में स्वीकार करने वाले पहले देशों में से एक था, बल्कि भारत और सिंगापुर एक सहजीवी साझेदारी का भी आनंद लेते हैं, जहां सिंगापुर अपनी तकनीक और निवेश के साथ योगदान देता है और भारत अपने संसाधनों और कुशल कार्यबल को जोड़ता है। सिंगापुर भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है। भारतीय प्रधानमंत्री के सिंगापुर पहुंचने से पहले ही सिंगापुर की एक प्रमुख फर्म ने भारत में अपने निवेश को दोगुना करने की घोषणा कर दी जिससे भारत तथा सिंगापुर दोनों के लिए संभावनाओं के नए द्वार खुलते दिखते हैं। जो उनके डिजिटल भुगतान प्रणालियों के एकीकरण जैसी पिछली पहलों पर आधारित है। मुझे लगता है कि भारत के प्रधानमंत्री की इन यात्राओं को अलग-अलग करके या 'साइलोज' में नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि ये सुनियोजित यात्राएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं और इनका उद्देश्य प्राथमिकता वाली वैश्विक चुनौतियों का समाधान ढूंढना है, जिसमें युद्धों को समाप्त करने से लेकर जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए सतत विकास सुनिश्चित करना, वैश्विक दक्षिण के देशों के विकास के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक लचीला बनाना और निश्चित रूप से वैश्विक शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना आदि शामिल हैं। एकतरफा से लेकर द्विपक्षीय और बहुपक्षीय तक, इन वैश्विक चुनौतियों का समग्र समाधान खोजने के लिए कुशल प्रयासों की आवश्यकता है और यही भारत वर्तमान में कर रहा है। ये यात्राएं वैश्विक राजनीति में एक नया अध्याय खोलती हैं जो प्रतिस्पर्धा की तुलना में सहयोग पर केंद्रित है। मुझे उम्मीद है कि अन्य नेता और देश यहां से सीख लेंगे और इस ग्रह को रहने के लिए एक बेहतर स्थान बनाने में अपना योगदान देंगे।

**(लेखिका जेएनयू में प्राध्यापक हैं)**

# बुद्धि के देवता इसीलिए दुर्वा प्रिय हो गए श्रीगणेश

गणेश शिव और माता पार्वती के कनिष्ठ पुत्र हैं। एक दिन माता पार्वती गणेश को द्वार पर बैठाकर स्नान कर रही थी, उसी समय भगवान शिव अंदर प्रविष्ट होने लगे, तो गणेश ने उन्हें रोका। क्रोधित हो शिव ने गणेश का मस्तक धड़ से अलग कर दिया। जब मां पार्वती को यह बात पता चली तो वे क्रोधित हो प्रलयंकर रूप धारण कर संसार के विनाश हेतु तत्पर हो गई। तब भगवान विष्णु और शिव के प्रयत्नों द्वारा गणेश के धड़ में हाथी के शिशु का मस्तक जोड़कर उन्हें जीवित किया गया, परंतु पार्वती का क्रोध तब भी शांत नहीं हुआ, तो भगवान शिव ने गणेश को अपने समस्त गुणों का अधिपति बनाकर सभी लोकों में पूज्य बनाया। गणेशजी को गणाधिपति या गणपति कहा गया। वे भक्तों का विघ्नहरण करने वाले हैं इसलिए उन्हें विघ्नेश्वर भी कहा जाता है। गण का शाब्दिक अर्थ है 'शिष्य' और पति का शाब्दिक अर्थ है 'गुरु' या 'स्वामी' अर्थात शिष्य का गुरु गणेश का तात्पर्य गुरु से है और गुरु ही समस्त देवों में प्रथम पूज्य है। जिस तरह शिष्य



ऊष्मा मालू

अपने गुरु के मार्गदर्शन से अपने जीवन समस्त समस्त बाधाएं दूर करता है और प्रगति की राह खोजता है उसी तरह गणेश अपने भक्तों में सारे संकटों को दूर करते हैं। भारत में ही नहीं वरन् सारे विश्व में भगवान गणेश की आराधना की जाती है। विश्व के अलग- अलग देश में उनकी पहचान अलग-अलग नामों से है। जैसे चीनी और जापानी उनकी उपासना 'फो' नाम से करते है। मिस्र में 'एकरोन' व नेपाल में 'सूर्य विनायक' नाम से। अमेरिका में भी भगवान गणेश की मूर्तियां भारतीय गणेश जैसी है वहां उन्हें 'लम्बोदर' के नाम से जाना जाता है। भगवान गणेश को मोदक बहुत प्रिय है। क्योंकि वे मोद के दाता हैं। पहले स्वयं वे मोदक लेते हैं और फिर मोद अर्थात आनन्द रूप में भक्तों को देते हैं। भगवान गणेश मंगल के देवता हैं, विघ्नहर्ता और आनंददाता इसीलिए उन्हें मोदक बहुत प्रिय है। गणेशजी को दुर्वा और शमी बहुत प्रिय है। एक कथानुसार गणेश जी ने एक बार अनलासुर नामक राक्षस का वध किया था। अनल का अर्थ अग्नि है और गणेशजी इस अनलासुर राक्षस को निगल गए थे इससे उनके पेट में बहुत अग्नि जैसी तपन हुई और उससे शांति के लिए उन्होंने दुर्वा का भक्षण किया । शीतल दुर्वा तभी से उन्हें प्रिय हो गई। गणेशजी बुद्धि से देवता है और दुर्वा का सिरा बहुत पतला और सूक्ष्म होता है और दुर्वा बुद्धि का प्रतीक है बुद्धि हमेशा सूक्ष्म अर्थात पैनी होनी चाहिए। बुद्धि के देवता इसीलिए दुर्वा प्रिय हो गए। सांख्य शास्त्र में दुर्वा का अर्थ जीव बताया गया है। जीव सुख-दुख भोगने के लिए जन्मता है। इस सुख और दुख रूपी द्वंद को दुर्वा के युग्म से समर्पित किया जाता है अर्थात् गणेशजी को दुर्वा जोड़े में चढ़ाई जाती है। गणेश जी विशाल है। विशाल और विराट स्वरूप का सूक्ष्म से सूक्ष्म दुर्वा को ग्रहण करना, उस देव शक्ति की व्यापकता का भी सूचक है, जो विराट से सूक्ष्म और सूक्ष्म से विराट होने के मूल देवतत्व का प्रतिनिधित्व करती है।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

आज गणेश चतुर्थी

# विवेक के दाता गणपति महाराज



डॉ. गरिमा पंढरपुरे

प्रत्येक माह में दो चतुर्थियां होती है। इस तरह एक वर्ष में कुल 24 चतुर्थी और और प्रत्येक तीन वर्ष बाद अधिक मास की मिलाकर 26 चतुर्थी होती है। सभी चतुर्थी की महिमा और महत्व अलग-अलग है। अमावस्या के बाद शुक्लपक्ष में आने वाली चतुर्थी को 'विनायकी चतुर्थी' और पूर्णिमा के बाद कृष्णपक्ष में आने वाली चतुर्थी को 'संकष्टि चतुर्थी' कहते है। संकष्टि चतुर्थी को संकट हरने वाली चतुर्थी भी माना जाता है। दोनों ही चतुर्थियां भगवान गणपति को समर्पित है क्योंकि चतुर्थी (चौथ) के देवता शिव पुत्र गणेश जी है। इसलिए इस तिथि पर भगवान श्रीगणेश के पूजन का विधान है। सनातन धर्म में भगवान की पूजा,उपासना व उनके स्वरूप के पीछे एक तात्विक दृष्टि निहित है जिसे समझना अतिआवश्यक। इस तात्विक दृष्टि का विश्लेषण ईश्वर से निकटना बढ़ाने में सहायता करता है। श्री गणेश जिनकी पूजा, उपासना का विधान भारत के कोने कोने में है, इन्हें विवेक का देवता माना जाता है। ये व्यक्ति की बुद्धि में उत्पन्न विवेक का प्रतिनिधित्व करते है और इसके दाता भी है। अब सवाल है विवेक को हम किस रूप में देखते है। किसी चीज को जान या समझ लेना विद्या के अंतर्गत आता है और इसके कई आयाम हो सकते है उदाहरण के तौर पर-तकनीकी,कला,साहित्य,संगीत, कानूनी ज्ञान आदि। विद्या की देवी सरस्वती है। इसे ऐसे भी समझा जा सकता है की बन्दूक चलाने का ज्ञान एक सैनिक को भी होता है और उग्रवादी को भी किन्तु यह मात्र विवेक का ही आभाव है जो एक उग्रवादी को अकल्याणकारी मार्ग पर ले जाता है और विनाश के मार्ग की और अग्रसर करता है। गणपति महाराज का स्वरूप हमें हमारी बुद्धि में समाहित विवेक का बोध कराता है। विघ्नहर्ता श्रीगणेश की शारीरिक संरचना की भी एक दार्शनिक दृष्टि है, उनकी चार भुजाएं चारों दिशाओं में सर्वव्यापकता की प्रतीक हैं, और मनुष्य को क्रियाशील रहने का संदेश देते हुए बताती हैं कि दो हाथों को चार भुजाओं की तरह प्रयोग कर कार्य को समय पर सम्पन्न करना चाहिए। उनका विशाल पेट बताता है कि हर अच्छी और बुरी बात को पेट में ही रख कर हजम कर लें वैमनस्य ना फैलाएं। गणेश जी के बड़े कान अधिक ग्राह्यशक्ति और छोटी पैनी आंखें तीक्ष्ण अन्वेषी दृष्टि की प्रतीक है।

उनकी लंबी नाक यानि सूंड का आशय सम्मान और प्रतिष्ठा से है और स्वाभाविक है जब मनुष्य अपने विवेक को हर अवस्था में जागृत रखता है तो वो सर्वत्र सम्मानित ही होता है विघ्नहर्ता श्री गणेश मानव की सोच के अंतस्थल में है। विनायक मंदिरों में तो होते ही है लेकिन उनका बोध यानि विवेक हमारी बुद्धि में हमेशा जागृत रहना चाहिए श्री गणेश ,ज्ञान की देवी सरस्वती और ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी दोनों के निकट हैं अर्थात ज्ञान धन और ऐश्वर्य का उपयोग विवेक संगत होना चाहिए।

**(लेखिका आई.टी. इंजीनियर हैं)**

# स्वर्ण जीत प्रवीण ने बढ़ाया देश का मान

## पेरिस पैरालंपिक: ऊंची कूद टी64 के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर जीता गोल्ड

● पेरिस,

**भारतीय** एथलीट प्रवीण कुमार ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में पुरुषों की ऊंची कूद टी 64 के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया।

प्रवीण ने शुक्रवार को यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में 2.08 मीटर की अपनी व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

टोक्यो पैरालंपिक खेलों के रजत पदक विजेता प्रवीण कुमार (टी 44) ने इस बार अपने जोरदार प्रदर्शन से रजत पदक को स्वर्ण पदक में बदल दिया। इसी के साथ ही प्रवीण ने क्षेत्रीय और एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया।

इस पदक के साथ ही पैरालंपिक खेलों में भारत के पदकों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। उत्तर प्रदेश में नोएडा के गोविंदगढ़ में जन्मे प्रवीण ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय सफलता हासिल की एवं टोक्यो पैरालंपिक 2020 खेलों में पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के पैरा-एथलीट बन गए। वहां उन्होंने पुरुषों की ऊंची कूद टी 64 श्रेणी में 2.07 मीटर की प्रभावशाली छलांग के साथ रजत पदक जीता था। उन्होंने एशियाई पैरा गेम्स 2022 में 2.05 मीटर की छलांग के साथ एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। प्रवीण ने हाल में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीता और पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

यूएसए के डेरेक लोकिडेंट ने टी 64 वर्ग में पैरालंपिक रिकॉर्ड के लिए 2.06 मीटर के साथ रजत पदक जीता, जबकि उज्बेकिस्तान के टेमुरबेक गियाजोव (टी 44) ने 2.03 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ कांस्य पदक जीता।

टी 4 और टी 64 दोनों खेल वर्गों के तहत एथलीटों ने शुक्रवार को फाइनल में प्रतिस्पर्धा की। ये दो वर्ग उन एथलीटों के लिए नामित किए गए हैं जिनके पैरों में अंगों की अक्षमता है, जैसे कि एम्प्यूटेसन या जन्म से अंग नहीं है या छोटे अंग हैं।

प्रवीण कुमार का जन्म छोटे पैर के साथ हुआ था। उन्होंने वॉलीबॉल के जुनून के साथ करियर की शुरूआत की, लेकिन एक जूनियर स्पर्धा में अपने सक्षम विरोधियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा देने के बाद उन्होंने हाई जंप को चुना।

प्रवीण ने कहा, मेरे कोच और मेरा परिवार मेरी जीत की अहम कड़ी हैं। साथ ही पूरा भारत देश भी। मैं आज अपनी जंप से खुश हूं। मेरा एकमात्र रहस्य कड़ी मेहनत, प्रशिक्षण और अच्छा भोजन है। प्रवीण 2021 में टोक्यो 2020 पैरालंपिक में पदक जीतने वाले भारत के सबसे कम उम्र के पैरा-एथलीट थे। पिछले साल, उन्होंने तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड के साथ एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीता था।

पैरा-एथलीट बनने के लिए प्रवीण का सफर चुनौतियों से भरा रहा था। वह छोटे पैर के साथ पैदा हुए थे। उन्हें शुरू में अपने साथियों की तुलना में हीनता की भावना से जूझना पड़ा। अपनी इंसिक्योरिटी (असुरक्षाओं) का सामना करने के लिए उन्होंने दोस्तों के साथ खेलों में भाग लेना शुरू कर दिया और वॉलीबॉल में उन्होंने अपना पेशन डेवेलप किया। हालांकि उनके जीवन ने एक महत्वपूर्ण मोड़ लिया जब उन्होंने एक एबल-बॉडी एथलेटिक्स कॉम्पीटीशन में हाई जंप में भाग लिया, जिसने उन्हें विकलांग एथलीटों के लिए उपलब्ध संभावनाओं से अवगत कराया।

इसके बाद एक पैरा-एथलेटिक्स कोच डॉ. सत्यपाल सिंह ने प्रवीण की क्षमता को पहचाना। उनके मार्गदर्शन में प्रवीण कुमार ने अपना फोकस हाई जंप पर शिफ्ट किया। यह निर्णय सही साबित हुआ। बता दें कि प्रवीण कुमार ने 2022 के एशियन पैरा गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था और 2.05 मीटर की छलांग लगाकर एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा।

प्रवीण कुमार ने 2019 में नोटविल, स्विट्जरलैंड में हुई वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स जूनियर चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था। 2021 दुबई में प्रवीण ने पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में एशियाई रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था। हाल ही में, उन्होंने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में कांस्य पदक जीता। इसी के साथ उन्होंने अपनी श्रेणी में एक प्रमुख एथलीट के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया।




## पेरिस पैरालंपिक : दिलीप 400 मीटर टी47 के फाइनल में, सिमरन 200मीटर टी12 के सेमीफाइनल में

**पेरिस, वार्ता:** भारतीय एथलीट दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी47 स्पर्धा में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। वहीं दृष्टिबाधित एथलीट सिमरन शर्मा ने भी महिला 200 मीटर टी12 राउंड 1 दौड़ में पांचवें स्थान के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है।

आज यहां हुये मुकाबले में पैरा एथलीट दिलीप गावित ने पुरुष 400 मीटर टी47 राउंड 1 में 49.54 समय के साथ सीजन के सर्वश्रेष्ठ समय निकालते हुए फाइनल में जगह बनाई। दिलीप अपनी हीट में तीसरे स्थान पर रहे।

इससे पहले सिमरन शर्मा ने 25.41 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पांच में स्थान हासिल किया, इस दौरान उन्होंने वेनेजुएला और इटली को भी पीछे छोड़ते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## पेरिस पैरालंपिक : यश कुमार और प्राची यादव नौकायन स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंचे

**पेरिस वार्ता :** भारतीय एथलीट यश कुमार ने पैराकैनो केएल1 200 मीटर स्पर्धा के पुरुष वर्ग में और प्राची यादव ने महिला एकल 200 मीटर वीएल2 स्पर्धा में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

शुक्रवारका यहां हुये पुरुष वर्ग मुकाबले में यश ने 1:03.27 के समय के साथ छठा स्थान हासिल करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग के मुकाबले में प्राची यादव ने 1:06.83 के समय के साथ हीट 1 में चौथे स्थान के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# मुशीर खान और नवदीप सैनी ने रचा इतिहास

### मुशीर और सैनी ने आठवें विकेट के लिए 403 गेंदों में जोड़े 205 रन

● बंगलुरु,

**दिलीप** ट्राफी में मुशीर खान और नवदीप सैनी ने आठवें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया है। मुशीर और सैनी ने पूर्व क्रिकेटर रमेश पोवार और अभिषेक नायर के 2010 में आठवें विकेट के लिए बनाए 197 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इस दौरान मुशीर खान ने 181 रन बनाए। वहीं नवदीप सैनी ने 56 रन बनाए ।

एक समय जब इंडिया 'बी' के बल्लेबाज इंडिया 'ए' के गेंदबाजों के सामने रनों के लिए जूझ रहे थे। ऐसे समय में मुशीर को सैनी का साथ मिला। दोनों बल्लेबाजों ने 403 गेंदों में ना केवल 205 रन की दोहरी शतकीय साझेदारी की, बल्कि टीम को संकट की स्थिति से भी उबारा। जिसके बाद इंडिया 'बी' ने कुल 116 ओवरों की बल्लेबाजी करने में कामयाब रही और स्कोरबोर्ड पर 321 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया है।



इसके बाद इंडिया-बी की पहली पारी के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया-ए को कप्तान शुभमन गिल (25) और मयंक अग्रवाल (36) की ओपनिंग जोड़ी ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने 57 रनों की अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। हालांकि, नवदीप सैनी ने एक के बाद एक दोनों सेट बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर इंडिया-ए को दोहरा झटका दिया। इस दोहरे झटके के बाद रियान पराग और केएल राहुल की जोड़ी ने इंडिया-ए की पारी संभाली। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी निभाकर टीम के स्कोर को सौ रनों के पार पहुंचाया। दूसरे दिन के अंत तक दोनों बल्लेबाजों ने 68 रन की नाबाद साझेदारी की।

### पहली पारी में पिछड़ने के बाद श्रेयस और पड्डिकल ने लगाया अर्धशतक

बंगलुरु : पहली पारी में 4 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया-डी की शुरूआत एक बार फिर से खराब रही। अर्थव तायड़े (15) और यश दुबे (5) की ओपनिंग जोड़ी एक बार फिर से फेल साबित हुई। लेकिन कप्तान श्रेयस अय्यर (54) और देवदत्त पड्डिकल(56) ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर इंडिया-डी की पारी संभाली। इन दोनों बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद रिकी भुई ने भी 44 रन की अच्छी पारी खेली। इस दौरान युवा स्पिनर मानव सुथार ने इंडिया-डी के अन्य बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उन्होंने महज 30 रन देकर 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वहीं इससे पहले इंडिया सी की ओर से बाबा इंद्रजीत ने 149 बॉल पर 72 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने 34 रन का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली इंडिया डी की ओर हर्षित राणा ने 4 विकेट झटके। अक्षर पटेल और सारांश जैन को 2-2 विकेट मिले।

# ओली पॉप ने लगाया शतक बेन डकेत ने अर्द्धशतक



● ओवल,

### इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले का पहला दिन

**इंग्लैंड** और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लंदन के द ओवल मैदान में खेला जा रहा है। शुक्रवार को पहले दिन ओली पोप ने शानदार शतक लगाकर इंग्लैंड को संभाल लिया । जिसके बाद इंग्लैंड ने पहले दिन तीन विकेट के नुकसान पर 221 रन बनाकर लिए हैं। खबर लिखे जाने तक ओली पॉप ने 103 रन और हैरी ब्रुक सात रन बनाकर खेल रहे थे।

वहीं अंपायर ने बारिश की वजह से लंच वक्त से पहले ही कर दिया गया। इससे पहले, श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। इंग्लैंड के ओपनर डैन लॉरेंस 21 बॉल पर 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें लहिरु कुमारा ने पाथुम निसांका के हाथों कैच कराया।

इंग्लैंड के जोश हल ने टेस्ट में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया। हल को मैथ्यू पॉट्स की जगह शामिल किया गया। 20 साल के जोश हल ने 10 फर्स्ट क्लास, 9 लिस्ट ए और 21 टी-20 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने फर्स्ट क्लास में 16, लिस्ट ए में 17 और टी20 में 24 विकेट लिए हैं।

# यूएस ओपनः मिश्रित युगल का खिताब सारा-एंड्रिया ने जीता

## यूएस ओपन : महिला सेमीफाइनल में कैरोलिना ने जेसिका और सबालेंका ने एम्मा नवारो को दी शिकस्त



आर्यना सबालेंका

● न्यूयार्क,

**यूएस ओपन** में सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी ने गुरुवार को टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग को 7-6 (0), 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूनार्मेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। इटली की अपनी साथी रोबर्टा विंची के साथ महिला युगल में करियर ग्रैंड स्लैम जीतने वाली इरानी का यह अपने करियर का पहला मिश्रित युगल खिताब है।

वहीं महिला सेमीफाइनल में शुक्रवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला और चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जहां जीत, जहां जीत जेसिका के हाथ लगी। जेसिका पेगुला ने कैरोलिन मुचोवा पर शानदार जीत हासिल कर अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में प्रवेश किया, इस तरह उन्होंने अनोखा कारनामा कर दिखाया अब जेसिका का यूएस ओपन के फाइनल में मुकाबला वर्ल्ड नंबर-2 बेलारूस की आर्यना सबालेंका से शनिवार को होगा। सबालेंका ने एक अन्य सेमीफाइनल में अमेरिका की ही एम्मा नवारो को शिकस्त दी। आर्यना 2023 में भी यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची थी, लेकिन उनको तब कोको गॉफ से हार मिली थी।



कैरोलिना मुचोवा

वहीं, सबालेंका ने फाइनल में पहुंचकर एक रिकॉर्ड भी बनाया। वह सेरेना विलियम्स के बाद बैक टू बैक (2018 और 2019) दो बार फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका अगर हार जातीं और एम्मा नवारो जीत जातीं तो यूएस ओपन 2024 का महिला वर्ग का फाइनल कुल मिलाकर दो अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच होता, हालांकि ऐसा हो नहीं पाया खास बात यह रही कि पहले सेट में कैरोलिना मुचोवा ने बढ़त बना ली थी, लेकिन फिर निर्णायक दो सेटों में जेसिका ने शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले को जेसिका ने 1-6, 6-4, 6-2 से अपने नाम किया। खास बात यह रही कि छठी रैंकिंग वाली जेसिका कभी भी किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी थी। ऐसे में उनका यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचना बेहद ऐतिहासिक है। जेसिका इससे पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में तीन बार (2021, 2022 और 2023) पहुंची थीं। वहीं फ्रेंच ओपन 2022 के क्वार्टर फाइनल और विंबलडन 2023 के क्वार्टर फाइनल में उन्होंने जगह बनाई थी। इससे पूर्व वर्ल्ड नंबर 2 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने यूएसए की एम्मा नवारो को हराकर यूएस ओपन 2024 महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। आर्थर ऐश स्टेडियम सबालेंका ने अपनी अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी को 6-3, 7-6 से हराने में एक घंटे और 10 मिनट का समय लिया। सबालेंका की बात की जाए तो वह 2023 में भी यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची थी, जहां उनको कोको गॉफ ने आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से हराकर 2023 यूएस ओपन में महिला एकल टेनिस खिताब जीता था।

## सार संक्षेप

### विक्रम राठौड़ और रंगना हेराथ सिखायेंगे न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी और गेंदबाजी के गुर




नयी दिल्ली (वार्ता) : पूर्व भारतीय बल्लेबाज विक्रम राठौड़ और श्रीलंका के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर रंगना हेराथ न्यूजीलैंड की टीम को बल्लेबाजी और गेंदबाजी के गुर सिखायेंगे। राठौड़ न्यूजीलैंड की टीम के साथ जुड़ गये है। वह ग्रेटर नोएडा में होने वाले एकमात्र न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी सलाहकार होंगे। इसके ही साथ श्रीलंका के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर रंगना हेराथ भी बतौर स्पिन गेंदबाजी कोच न्यूजीलैंड के साथ होंगे। राठौड़ जहां नौ सितंबर से शुरू हो रहे एकमात्र टेस्ट के लिए जुड़े हैं। वहीं हेराथ न्यूजीलैंड के अगले तीन टेस्ट तक साथ रहेंगे। एक टेस्ट मैच अफगानिस्तान और दो श्रीलंका के साथ होना है। न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, विश्व क्रिकेट में इन दोनों ही शख्सियतों की एक अलग पहचान है। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी इन दोनों से सीखने के इस अवसर को पूरी तरह भुनाने की प्रयास करेंगे। हेराथ को लेकर स्टीड ने कहा, ''हमारे तीन बाएं हाथ के स्पिनर, एजाज, मिच सैंटनर और रचिन को अगले तीन टेस्ट मैचों में हेराथ से बहुत मदद मिलेगी और इसका हमें भरपूर फ़ायदा होगा। श्रीलंका के दौरे के बाद न्यूजीलैंड की भारत के साथ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम वापस भारत आएगी।

### शर्मनाक हार पर सांसदों ने पीसीबी अध्यक्ष नकवी से मांगा इस्तीफा



इस्लामाबाद, (वार्ता): रावलपिंडी में खेले गये दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में बंगलादेश के हाथों पाकिस्तान को मिली शर्मनाक हार पर वहां की संसद के दोनों सदनों में सांसदों ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और गृहमंत्री मोहसिन नकवी की आलोचना करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। समाचार पत्र डॉन के अनुसार संसद के दोनो सदनों के सांसदों ने कहा कि इस शर्मनाक हार के बाद मोहसिन नकवी को क्रिकेट बोर्ड का प्रमुख बने रहने कोई औचित्य नहीं है। इस दौरान सांसदों ने शर्म करो शर्म करो के नारे लगाये और प्रधानमंत्री से एक सक्षम व्यक्ति को पीसीबी अध्यक्ष नियुक्त करने की मांग की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता बैरिस्टर सैयद अली जफर ने कहा, ''मुझे लगाता है कि देश में अन्य खेलों की तरह क्रिकेट भी खत्म हो गया है। इस आपदा का केवल एक ही कारण है और वह यह है कि जब आप किसी अयोग्य व्यक्ति को संस्थान का प्रमुख नियुक्त करते हैं तो न केवल संस्थान नष्ट हो जाती है, बल्कि संस्थान द्वारा किये गये सभी काम भी खराब हो जाते हैं। नकवी बहुत सक्षम हो सकते हैं लेकिन वह क्रिकेट प्रभारी के रूप में प्रदर्शन नहीं कर सके और उनकी वजह से खेल बर्बाद हो रहा है। पूरा देश कह रहा है उन्हें इस पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### दीपेश भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में सातवें स्थान पर रहे

**पेरिस (वार्ता):** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी दीपेश कुमार शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के एफ54 फाइनल मुकाबले में सातवें स्थान पर रहे। दीपेश ने आज खेले गए भाला फेंक स्पर्धा के एफ54 फाइनल मुकाबले में 26.11 मीटर का थ्रो फेंका और सातवें स्थान पर रहे। इस तरह पैरालंपिक खेलों में दीपेश का अभियान समाप्त हो गया।

### भारतीय फुटबॉल को बेहतर बनाना हम सभी का कर्तव्य: कॉयले

कोच्चि (वार्ता): इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में चेन्नईयिन एफसी के मुख्य कोच ओवेन कॉयले ने शुक्रवार को कहा है कि भारतीय फुटबाल को बेहतर बनाना हम सभी का कर्तव्य है। कॉयले ने आईएसएल 2024-25 मीडिया दिवस के दूसरे भाग में यह बात कही। मीडिया दिवस का दूसरा भाग बेंगलुरु एफसी, हैदराबाद एफसी, एफसी गोवा और चेन्नईयिन एफसी जैसे पूर्व चैंपियन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ मौजूदा आईएसएल कप विजेताओं के साथ संपन्न हुआ। मुंबई सिटी एफसी और घरेलू टीम केरला ब्लास्टर्स एफसी आज कोच्चि में आगामी सीजन पर चर्चा कर रहे हैं। कॉयले ने कहा, ''भारतीय फुटबॉल को बेहतर बनाना हम सभी का कर्तव्य है। हम सभी चाहते हैं कि इंडियन सुपर लीग की बहुत चर्चा हो। अब जब मेरा अच्छा दोस्त मनोलो (मार्केज) भारतीय टीम के साथ है तो उम्मीद है कि राष्ट्रीय टीम भी फीफा रैंकिंग में आगे बढ़ना शुरू कर देगी। मुझे नहीं लगता कि यह बहुत दूर की बात है कि हम 8-10 वर्षों में फीफा विश्व कप के लिए क्वलीफाई करने के लिए काम कर पाएंगे। भारत में सच्ची क्षमता है।आईएसएल 2024-25 सीजन 13 सितंबर को शुरू होगा।

### अन्तर जिला सिविल सेवा द्वितीय कबड्डी प्रतियोगिता 15 नवंबर से

उदयपुर, (वार्ता): राजस्थान राज्य अंतर जिला सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिता 2023-24 के तहत अंतर जिला सिविल सेवा द्वितीय कबड्डी प्रतियोगिता 15 से 17 नवंबर तक जिला जैसलमेर में आयोजित होगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर)एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उदयपुर जिले की टीम के खिलाड़ियों का चयन 14 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे भंडारी दर्शक मंडप (स्टेडियम) में किया जाएगा। द्विवेदी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को नियत समय पर ट्रायल में उपस्थिति देने के निर्देश दिए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK